वर्ष : 33 | अंक : 178 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शुक्रवार, 13 सितंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

खामोश हो गई वंचितों, दलितों, किसानों, आदिवासियों की आवाज

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## टूट गया मार्क्सवादी आंदोलन का एक और सितारा

# नहीं रहे वामपंथ के युगद्रष्टा

### माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का निधन, दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस

सीताराम येचुरी नहीं रहे। उनका निधन 72 वर्ष की आयु में हो गया। भारत में किसानों, आदिवासियों, भूमिहीनों, युवाओं, और श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ने वाला आवाज खामोश हो गया। येचुरी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPI-M) के महासचिव तो थे ही। ज्योति बसु और बुद्धदेव भट्टाचार्य जैसी वाम विभूतियों के बाद येचुरी भारतीय वामपंथी आंदोलन के निर्विवाद स्तंभ के रूप में उभरे। संसद में येचुरी की पहचान एक प्रभावशाली और जोशीले वक्ता के साथ एक तेज-तर्रार और बेहतरीन तर्कशास्त्री की थी, जिनका सभी दलों के नेता सम्मान करते थे। संवैधानिक और राजनीतिक मामलों पर उनकी पकड़ ने उन्हें सत्तापक्ष के लिए एक चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंदी बना दिया था। सरकार की जवाबदेही को लेकर स्पष्टता, विश्वास और लोकतंत्र के प्रति गहरी जिम्मेदारी से भरे उनके सवाल संसद में सत्ता पक्ष के लिए चुनौती पेश करते थे। उन्होंने अपने जीवन में वामपंथी आंदोलन को नए आयाम दिए और भारतीय राजनीति में अपनी खास पहचान बनाई। उनकी मृत्यु न केवल CPI(M) बल्कि पूरे भारतीय वामपंथ के लिए एक अपूरणीय क्षति है। येचुरी के निधन के साथ भारतीय राजनीति के एक युग का अंत हो गया, जिसने दशकों तक समाजवाद, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य किया।

**दीपक पवार/अमित बृज । मुंबई/नई दिल्ली**

CPI(M) के महासचिव सीताराम येचुरी का गुरुवार 12 सितंबर को निधन हो गया। 72 वर्षीय नेता दिल्ली AIIMS के ICU में भर्ती थे। उन्हें एक्यूट रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन के चलते गत 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स सूत्रों के मुताबिक फेफड़ों में संक्रमण और मल्टी ऑर्गन फेलियोर के चलते उनका निधन हुआ है। येचुरी भारत में वामपंथ के चोटी के नेताओं में से थे। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का नेतृत्व ऐसे वक्त में किया जब इस पार्टी का भारतीय राजनीति में वर्चस्व कम हुआ है। हालांकि कॉमरेड सीताराम येचुरी कहते थे कि सीपीएम का संसद और विधानसभा में भले ही प्रतिनिधित्व कम हुआ हो, लेकिन देश का एजेंडा तय करने में अभी भी सीपीएम का अहम रोल है।

### 12 अगस्त 1952 को जन्म

सीताराम येचुरी के प्रारंभिक जीवन की बात करे तो उनका जन्म 12 अगस्त 1952 को तत्कालीन मद्रास में एक तेलुगु ब्रह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता एसएस येचुरी आंध्र प्रदेश के परिवहन विभाग में इंजीनियर थे और माता कलपक्म येचुरी सरकारी ऑफिसर थीं। सीताराम येचुरी की शुरुआती पढ़ाई हैदराबाद में हुई। 1969 में वह दिल्ली आ गए और यहां पर उन्होंने प्रेंजीडेंट्स इस्टेट स्कूल नई दिल्ली में दाखिला लिया। स्टूडेंट लाइफ में येचुरी टॉपर रहे। हायर सेकंड्री की परीक्षा में वह पूरे भारत में टॉप पर रहे। इसके बाद सेंट स्टीफन कॉलेज कॉलेज, नई दिल्ली से अर्थशास्त्र में उन्होंने बीए (ऑनर्स) किया और 1975 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। एमए करने के बाद येचुरी जेएनयू में ही पीएचडी करने लगे। ये 1975 का दौर था। इसी दौरान देश में इमरजेंसी लग गई। तब येचुरी भी गिरफ्तार हुए थे और उनकी पढ़ाई बीच में ही रूक गई थी।

### येचुरी का व्यक्तिगत जीवन

सीताराम युचेरी ने बीबीसी की तज तर्रार पत्रकार सीमा चिश्ती से शादी की थी। येचुरी की ये दूसरी शादी थी। येचुरी की पहली शादी वामपंथी कार्यकर्ता और नारीवादी डॉ। वीना मजूमदार की बेटी से हुई थी। इस शादी से उन्हें एक बेटा और बेटी है।

### सामाजिक कार्यकर्ता, अर्थशास्त्री और पत्रकार

सीताराम येचुरी राजनेता के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता, अर्थशास्त्री और पत्रकार और लेखक भी थे। राजनीतिक दस्तावेज तैयार करने में उनकी राय सर्वोपरि मानी जाती है। कांग्रेस के नेता पी चिदंबरम के साथ मिलकर उन्होंने 1996 में यूनाइटेड फ्रंट गवर्नमेंट के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तैयार किया था। वे लंबे समय से अखबारों में स्तंभ लिखते रहे थे। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं, जिनमें 'लेफ्ट हैंड ड्राइव', 'यह हिन्दू राष्ट्र क्या है', 'घृणा की राजनीति' (हिन्दी में), '21वीं सदी का समाजवाद' जैसी किताबें शामिल हैं। उन्होंने 'डायरी ऑफ फ्रीडम मूवमेंट', 'द ग्रेट रीवोल्ट : अ लेफ्ट अप्रेज़ल' और 'ग्लोबल इकोनॉमिक क्राइसिस -अ मार्कसिस्ट पर्सपेक्टिव' का संपादन भी किया था।

### राजनीतिक करियर

- कॉलेज में पढ़ते हुए सीताराम येचुरी वामपंथी विचारों से प्रभावित हुए और 1974 में स्टूडेंड फेडरेशन ऑफ इंडिया से जुड़ गए। एक साल बाद वह सीपीएम से जुड़े। आपातकाल के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इस दौरान देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए उनका संघर्ष जारी रहा।
- 1977-78 में वे जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष बने। इस दौरान इस विश्वविद्यालय कैंपस में लेफ्ट की विचारधारा को पूरा फलने-फूलने का मौका मिला। देश में वामपंथ के दूसरे बड़े नाम में शुमार प्रकाश करात की मदद से उन्होंने जेएनयू को वामपंथी विचारों के अध्ययन और प्रतिपादन का बड़ा केंद्र बनाया।
- 1978 में सीताराम येचुरी स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के ऑल इंडिया संयुक्त सचिव बने। बाद में वह इसके अध्यक्ष भी बने।
- 1984 में येचुरी को सीपीआई(एम) की केंद्रीय समिति के लिए आमंत्रित किया गया।
- येचुरी ने 1986 में एसएफआई छोड़ दी। येचुरी अपनी सांगठनिक क्षमता और कार्य कुशलता के दम पर पार्टी में कामयाबी की सीढ़ियां लगातार चढ़ते गए।
- 1992 में सीपीएम की चौदहवीं कांग्रेस में वे पोलित ब्यूरो के लिए चुने गए।
- 19 अप्रैल 2015 को विशाखापत्तनम में पार्टी की 21वीं कांग्रेस में सीताराम येचुरी पार्टी के पांचवें महासचिव चुने गए। येचुरी ने पार्टी की कमान प्रकाश करात से संभाली जो लगातार तीन बार (2005-15) तक पार्टी के महासचिव रह चुके थे।
- 18 अप्रैल 2018 को पार्टी को सीपीएम की 22वीं कांग्रेस में सीताराम युचुरी एक बार फिर से पार्टी के महासचिव बने।

### देशभर के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

सीताराम येचुरी के निधन पर दुख हुआ। वे वामपंथ के प्रणेता थे। वे राजनीतिक स्पेक्ट्रम से जुड़ने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने एक प्रभावी सांसद के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ॐ शांति।

**- नरेंद्र मोदी, पीएम**

येचुरी जी का निधन राजनीतिक क्षेत्र के लिए क्षति है। मैं उनके परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय को सहने की शक्ति दें।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

सीताराम येचुरी मेरे अच्छे दोस्त थे। वे भारत के विचार के सच्चे रक्षक थे और देश को अच्छी तरह समझते थे। मैं उनके साथ की गई लंबी चर्चाओं को बहुत याद करूंगा। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

येचुरी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वे एक अनुभवी सांसद थे और उनका जाना राष्ट्रीय राजनीति के लिए बड़ी क्षति है।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### महाराष्ट्र ऑडी दुर्घटना मामला : बार का CCTV फुटेज गायब, DVR जब्त

**नागपुर।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत और उनके दोस्तों ने नागपुर के जिस बार में नौ सितंबर को शराब पी और खाना खाया था, उसका सीसीटीवी फुटेज गायब है तथा जांच के तहत रेस्तरां का डीवीआर जब्त कर लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सीताबुलडी थाने के अधिकारी ने बताया, "जब वे (संकेत और उसके दोस्त) (दुर्घटना से पहले) 'ला होरी बार' में थे, उस समय की सीसीटीवी फुटेज गायब है। हमने बुधवार को रेस्तरां का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) जब्त कर लिया और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।" संकेत बावनकुले की ऑडी ने सोमवार की सुबह रामदासपेठ में कई वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें मोपेड पर सवार दो लोग घायल हो गए। कार कथित तौर पर संकेत का दोस्त अर्जुन हावरे चला रहा था। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त पोलो कार में सवार लोगों ने मनकापुर के टी-पॉइंट तक ऑडी का पीछा किया और हावरे व रोनित चित्तवमवार नामक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज

**मुंबई।** शिवसेना ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस अवसर पर शिव सेना के मुख्य सह प्रवक्ता डॉ. राजू वाघमारे, डॉ. ज्योति वाघमारे और पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप कवाडे उपस्थित थे। शिवसेना के मुख्य सह प्रवक्ता डॉ. राजू वाघमारे ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने आरक्षण विरोधी बयान देकर अमेरिका में भारतीय संविधान की हत्या की है। आरक्षण रद्द करेंगे ऐसा राहुल गांधी का राष्ट्र विरोधी, जाति विरोधी बयान भारतीय नागरिक प्रक्रिया संहिता, 2023 की धाराओं के तहत कार्रवाई के योग्य है।


# मरीन ड्राइव से बांद्रा तक का सफर आसान

### कोस्टल रोड को बांद्रा-वर्ली सी लिंक से जोड़ने वाले आर्च ब्रिज का हुआ उद्घाटन

**आज से वाहनों का आवागमन हो जाएगा शुरू**

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

मुंबई के कोस्टल रोड और बांद्रा वर्ली सी लिंक को जोड़ने वाले मोटर मार्ग का आज मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्घाटन कर दिया। इस मार्ग के शुरु हो जाने से कोस्टल रोड का बांद्रा -वर्ली सी लिंक के साथ सीधा संपर्क हो गया। अब अगर आप दक्षिण मुंबई में है और आपको उत्तर मुंबई जाना है तो मरीन ड्राइव से कोस्टल रोड से बांद्रा वर्ली सी लिंक का इस्तेमाल करते हुए सीधे बांद्रा पहुंच सकते हैं। यह सफर महज 20 से 25 मिनट का होगा । जबकि अभी तक इस सफर के लिए 40-60 मिनट तक का वक्त लग जाता था। शुक्रवार 13 सितंबर से इसका इस्तेमाल आम लोगों कर सकते हैं। बीएमसी अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार इसे वाहनों के आवागमन के लिए खोला जाएगा। कोस्टल रोड और सी-लिंक के कनेक्ट होने से वर्ली के बिंदु माधव चौक पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। कोस्टल रोड के माध्यम से दक्षिण मुंबई से बांद्रा की ओर जाने वाले वाहन सुबह सात बजे से रात 11 बजे के बीच सीधे सी लिंक में प्रवेश कर सकते हैं, जबकि दक्षिण की ओर जाने वाले वाहनों को कोस्टल रोड के दोनों छोर को सी लिंक से जुड़ने तक मौजूदा मार्ग से ही जाना होगा।



**फडणवीस बोले- 25 साल से बंद प्रोजेक्ट को भाजपा ने पूरा किया**

वहीं डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस और शरद पवार को घेरा। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पिछले 25 साल से यह प्रोजेक्ट बंद था। तब देश और राज्य में लगातार कांग्रेस और शरद पवार की सरकार थी। उनको दिल्ली से इजाजत नहीं मिली। इसके बाद मोदी जी सरकार आई। महाराष्ट्र में महायुति सरकार बनी। मैनें इसके लिए डेढ़ साल तक दिल्ली में पांच बैठकें कीं और फिर इजाजत मिल गई। काम शुरू हुआ और अब यह आर्च ब्रिज लोगों का सफर आसान करेगा। लोगों को इससे काफी सहूलियत मिलेगी।

**गेम चेंजर प्रोजेक्ट :** सीएम शिंदे ने कहा कि यह प्रोजेक्ट लोगों को काफी सुकून देगा। साथ ही मुंबई के लिए गेम चेंजर प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि पहले इस रूट पर गाड़ियां रुक-रुककर चलती थीं। लेकिन अब यहां सफर तेजी से पूरा होगा और लोगों का समय बचेगा। ईंधन की बचत होगी। साथ ही प्रदूषण कम होगा। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज सिग्नल फ्री है। पिछली बार जब हमने दूसरे चरण काम पूरा किया था तो कहा था कि ब्रिज को हम 15 सितंबर को शुरू करेंगे। लेकिन हमने इसे 12 तारीख को ही पूरा कर लिया। हमने समय से पहले यह कर दिखाया है।

**मुंबई में पूरी तरह से कंक्रीट की सड़कें होंगी :** सीएम ने यह भी कहा कि अगले दो साल में मुंबई में पूरी तरह से कंक्रीट की सड़कें होंगी। एक भी गड्ढा नहीं होगा और मुंबई पूरी तरह से गड्ढा-मुक्त होगी। मुंबई का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। मुंबई में काफी विकास कार्य हमारी सरकार में हुए हैं।

**सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक खुलेगा**

अधिकारी ने बताया कि इसके जरिए वाहन चालक 13 सितंबर से सफर कर सकेंगे। सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शनिवार और रविवार को मेंटेनेंस के लिए यह बंद रहेगा। अधिकारी ने बताया कि कोस्टल रोड का दूसरा हिस्सा दिसंबर, 2024 तक सी लिंक से जुड़कर आवागमन के लिए खुलने की उम्मीद है।

**45 मिनट का सफर 10 मिनट में**

बता दें कि वर्ली बिंदु माधव ठाकरे चौक से मरीन ड्राइव तक कोस्टल रोड का एक हिस्सा 12 मार्च, 2024 से शुरू हो गया। इसके तहत प्रियदर्शिनी पार्क से मरीन ड्राइव तक 2.07 किमी लंबी टनल भी शामिल है। इसके खुलने से जो सफ़र लगभग 45 मिनट में पूरा होता था, जो कोस्टल रोड शुरू होने से दस मिनट में पूरा हो रहा है।

# फिर बढी महंगाई

- अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65 फीसदी पर पहुंची
- जुलाई में 5 साल के निचले स्तर 3.54% पर रही थी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

सब्जियों के महंगे होने से अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65% हो गई है। जुलाई महीने में यह घटकर 3.54% पर आ गई थी। ये महंगाई का 59 महीने का निचला स्तर था। वहीं, खाद्य महंगाई दर 5.42% से बढ़कर 5.66% हो गई है। शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 2.98% से बढ़कर 3.14% हो गई। ग्रामीण महंगाई 4.10% से 4.16% पर पहुंच गई।


**अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 9.94% थी, अब 5.66% पर आई**

महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.42% से बढ़कर 5.66% हो गई है। वहीं एक साल पहले अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 9.94% रही थी। यानी, सालाना आधार पर भी ये घटी है।

**RBI ने इस वित्त वर्ष के लिए महंगाई अनुमान 4.5% रखा था**

हाल ही में हुई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के दौरान RBI ने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5% पर रखा था। यह पहले भी इतना ही था। RBI गवर्नर ने कहा था- महंगाई कम हो रही है, लेकिन प्रोग्रेस धीमी और असमान है। भारत की महंगाई और ग्रोथ ट्रैजेक्टरी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है कि महंगाई टारगेट के अनुरूप हो।

## उद्धव की याचिका पर सुनवाई फिर बढ़ी



**नई दिल्ली।** शिवसेना नाम और चुनाव चिन्ह धनुष-बाण एकनाथ शिंदे गुट को सौंपने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर 17 सितंबर को होने वाली सुनवाई और एक महीना आगे बढ़ गई है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई अगले महीने 21 अक्टूबर को होगी। मामले की सुनवाई लगातार आगे बढने और तारीख पे तारीख मिलने से इसकी संभावना कम दिखाई दे रही है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले इस पर कोई फैसला आएगा। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले पर सुनवाई चल रही है। इससे पहले पिछले साल 21 फरवरी को याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसके बाद 11 जुलाई और फिर उद्धव ठाकरे गुट द्वारा मामले पर जल्द सुनवाई का अनुरोध करने पर इसे 31 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। जुलाई के बाद मामले की सुनवाई लगातार आगे बढ़ रही है। 17 सितंबर 2024 को इस पर सुनवाई होनी थी, लेकिन फिर यह मामला एक महीने आगे बढ़ गया, जिस पर अब 21 अक्टूबर को सुनवाई होनी है। मामले से जुड़े वकील सिद्धार्थ शिंदे के अनुसार इस मामले में अब तक दोनों पक्षकारों की तरफ से कोई दलीलें नही रखी गई हैं।

## मंत्री धर्मराव बाबा अत्राम की बेटी शरद पवार गुट में शामिल

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**



**अहेरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं धर्मराव अत्राम**

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मंत्री और राकांपा (एपी) के नेता धर्मराव बाबा अत्राम की बेटी भाग्यश्री अत्राम गुरुवार को राकांपा (शरद पवार) में शामिल हो गई। गढ़चिरौली जिले के अहेरी विधानसभा क्षेत्र से धर्मराव अत्राम विधायक हैं और वह इस समय उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ हैं। राकांपा (शरद पवार) की ओर से अहेरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने राजश्री अत्राम को पार्टी में शामिल किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाग्यश्री अत्राम ने कहा कि जब उनके पिता धर्मराव को नक्सलवादियों ने अपहृत किया था, तो उस समय शरद पवार ने ही उनके पिता को छुड़ाया था। इसी वजह से वे शरद पवार की पार्टी में शामिल हो रही हैं। भाग्यश्री अत्राम ने अपने पिता को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनके कार्यकर्ताओं को कोई तकलीफ हुई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। भाग्यश्रीने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासियों का विकास अब तक नहीं हो सका है, उनका प्रयास इस क्षेत्र के विकास का रहेगा।

# केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट होने से तीन श्रमिकों की मौत

दोपहर संवाददाता | रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक रसायन कारखाने में विस्फोट हो गया जिससे मौके पर तीन श्रमिकों की मौत हो गई और इतने ही लोग घायल हो गए। घटना को लेकर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रसायन कारखाने में यह विस्फोट गुरूवार को उस वक्त हुआ जब मेथनॉल युक्त भंडारण टैंक में वेल्डिंग का काम चल रहा था। इस दर्दनाक हादसे को लेकर रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे ने बताया कि घटना मुंबई से करीब 110 किलोमीटर दूर रोहा कस्बे के धातव एमआईडीसी में 'साधना नाइट्रो केमिकल लिमिटेड' में गुरूवार सुबह 11 बजकर 15 मिनट

## तीन घायल

पर हुई। पुलिस अधिकारी के मुताबिक रासायनिक संयंत्र के भंडारण टैंक में यह विस्फोट हुआ।

### कारखाने में तलाशी अभियान जारी

पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल विभाग के कर्मचारी और स्थानीय पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और उन्होंने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही कारखाने में तलाशी अभियान जारी है।



## हादसे में तीन श्रमिकों की मौत

पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में बासुकी यादव (45), दिनेश कुमार खरबन (60) और संजीव कुमार (20) की मौत हो गई। इस हादसे में घटनास्थल के पास मौजूद तीन और श्रमिक भी झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को पहले रोहा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उन्हें नवी मुंबई के ऐरोली स्थित 'नेशनल बर्न्स सेंटर' स्थानांतरित कर दिया गया, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### फैक्ट्री में चल रहा था वेल्डिंग का काम

घटना को लेकर एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि रसायन संयंत्र में फैब्रिकेशन के काम के लिए उत्तर प्रदेश से आए तीन लोगों की विस्फोट में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ये तीनों लोग यहां वेल्डिंग का काम कर रहे थे, तभी चिंगारी के कारण अत्यधिक ज्वलनशील मेथनॉल युक्त भंडारण टैंक में विस्फोट हो गया।

# कुत्ते को लेकर भिड़े पड़ोसी

## दो परिवारों में मारपीट के बाद एक-दूसरे पर कराई एफआईआर

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे में दो पड़ोसी पालतू कुत्ते को लेकर लड़ गए, क्योंकि एक पड़ोसी का कुत्ता दूसरे पड़ोसी के घर में घुस गया था। बस इतनी सी बात दोनों के विवाद का कारण बनी। आपस में मारपीट के बाद मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा तो दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर एफआईआर करवा दी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में हुयी इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि एक पालतू कुत्ता अपने मालिक के घर से भागकर पड़ोसी के घर में घुस गया। बस इसी से दोनों परिवारों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ठाणे के अंबरनाथ इलाके में मंगलवार को यह घटना हुई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत



दर्ज कराई है। कुत्ते के मालिक ने अपने कुत्ते की देखभाल के लिए उसे अपने रिश्तेदार को सौंपा था, लेकिन वह भागकर उनके पड़ोसी के घर में घुस गया। जिससे दोनों परिवारों में विवाद बढ़ गया। इलाके के सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीरंग गोसावी ने बताया कि पड़ोसी ने कुत्ते को लेकर सवाल किया और उसकी सही तरीके से देखभाल नहीं कर पाने के लिए पड़ोसी पर नाराजगी जतायी तो विवाद बढ़ गया। पुलिस का कहना था कि बाद में दोनों परिवारों के बीच जबरदस्त बहस हुई और हाथापाई भी हुई। इस दौरान कुत्ते की देखभाल करने वाले ने अपने पड़ोसी के घर के दरवाजे तोड़ दिए।

### एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत


गोसावी ने बताया कि बाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को दोनों परिवारों के सदस्यों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 324 (4) (नुकसान पहुंचाना) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अब मामले में जांच पड़ताल और कार्रवाई की जा रही है।

# लोकल ट्रेन से यात्री के चोरी हुए 7.37 लाख रुपए के आभूषण बरामद

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले में एक लोकल ट्रेन से एक यात्री के चोरी हुए 7.37 लाख रुपए के आभूषण बरामद हो गए हैं। इस मामले में रेलवे पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और दो किशोरों को भी पकड़ा है। इस बाबत राजकीय रेलवे पुलिस की अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अरशुद्दीन शेख ने बीते बुधवार को बताया कि चोरी की यह घटना उस दौरान हुई जब एक यात्री बीते 31 अगस्त को दक्षिणी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस

## 4 आरोपी हुए गिरफ्तार



(सीएसएमटी) से ठाणे के कल्याण के लिए लोकल ट्रेन से यात्रा कर रहा था।

### डोंबिवली रेलवे पुलिस थाने में दर्ज हुई थी शिकायत

पुलिस निरीक्षक अरशुद्दीन शेख ने बताया कि यात्री ने ट्रेन के ऊपरी रैक में एक काला बैग रखा था, लेकिन बाद में उसने देखा तो बैग गायब था। शेख ने बताया कि बैग में करीब सात किलोग्राम चांदी और 19.96 ग्राम सोने के आभूषण थे, जिनकी कुल कीमत 7.37 लाख रुपए है। यात्री ने ठाणे जिले में कल्याण स्टेशन से पहले स्थित ठाकुर्ली स्टेशन पर कुछ व्यक्तियों को जल्दबाजी में ट्रेन से उतरते हुए देखा था, जिसके आधार पर उसने डोंबिवली रेलवे पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि यात्री की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले के संबंध में BNS की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज किया। जिसके बाद विशेष कार्य बल कल्याण अपराध शाखा ईकाई की संयुक्त दल ने व्यापक जांच शुरू की। जांच दल ने CSMT से ठाकुर्ली तक के मार्ग पर स्थित कई रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों की जांच की और संदिग्धों का पता लगाने के लिए तकनीकी संसाधनों के साथ-साथ मुखबिरों की भी मदद ली। पुलिस ने बताया कि जांच दल ने इस मामले में बीते 5 सितंबर को अल्तमस रज्जाक खान (25) और शुभम संदीप थसले (20) को गिरफ्तार किया और ठाणे से दो किशोरों को भी पकड़ा । पुलिस ने यह भी बताया कि पूछताछ के बाद आरोपियों के पास से चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया गया। बाद में किशोरों को उनके माता-पिता के हवाले कर दिया गया।

# पानी के बकाया बिल धारकों पर मनपा की कड़क कार्रवाई

- शील-दिवा भाग में कार्रवाई 6 मोटर पंप जब्त
- 11 अवैध नल कनेक्शन खंडित

दोपहर संवाददाता | ठाणे

मनपा पानी विभाग के बिल नही भरने वाले बकाया धारकों पर कड़क कार्रवाई शुरू कर दिया है। इस मुहिम में मनपा शील-दिवा विभाग ने 6 मोटर पंप जप्त कर 11अवैध नल कनेक्शन को खंडित किया। पानी के बिल जमा कर मनपा का सहयोग करने के लिए आवाहन किया है। पानी का बिल भुगतान नहीं करने वाले नल कनेक्शन धारकों के कनेक्शन को खंडित करने की कार्रवाई चल रही है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने इस विषय पर स्पष्ट निर्देश दिया है। पानी के बिल की बकाया राशि की वसूली करने के लिए सभी प्रभाग के नल कनेक्शन को खंडित मोटर पंप जप्त कर मीटर रूम को सील कर दिया।साथ ही बकाया राशि का भुगतान नहीं कर दोबारा नल कनेक्शन जोड़ने वाले लोगों पर मामला दर्ज करवाने के लिए उपनगर अभियंता (पानीपुरवठा) विनोद पवार ने दी।



मनपा क्षेत्र के अंतर्गत घरेलु कनेक्शन धारकों के बिल की बकाया राशि व चालू बिल भरने वाले लोगों को प्रशासनिक तौर पर सौ प्रतिशत की छूट मनपा आयुक्त सौरभ राव ने परमिशन दिया है।इस योजना का लाभ लेने के लिए मनपा ने नागरिकों से आवाहन किया है। यह योजना 1 सितंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। यह योजना व्यावसायिक पर लागू नहीं होगा।

# कबूतरों को दाना डाल रहे शख्स की पिटाई



दोपहर संवाददाता | ठाणे


ठाणे शहर में कबूतरों को दाना डालने को लेकर हुए विवाद के बाद 4 लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति की कथित तौर पर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद मामला थाने जा पहुंचा। पुलिस ने बृहस्पतिवार को घटना के बारे में जानकारी दी। यह घटना बुधवार दोपहर को मानपाडा क्षेत्र के शिवाजी नगर में एक मैदान पर हुई थी।

- 4 के खिलाफ मामला दर्ज

### लाठी-डंडे से व्यक्ति के सिर पर प्रहार

घटना के बारे में कपूरबावड़ी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति कबूतरों के लिए दाना डाल रहा था, तभी चारों आरोपी उसके पास आए और अनाप-शनाप सवाल पूछने लगे। इसी दौरान आपस में विवाद बढ़ गया। पुलिस ने बताया कि बहस झगड़े में बदल गई और आरोपियों ने लाठी-डंडे से व्यक्ति के सिर पर प्रहार किया तथा उसकी पिटाई भी की, जिससे वह घायल हो गया।

# ऐरोली में मनपा की तोड़क कार्रवाई



दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधितों द्वारा नोटिस पर ध्यान न देने पर आयुक्त डॉ. नवी मुंबई मनपा ने अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ अतिक्रमण विभाग के माध्यम से कार्रवाई की। कैलास शिंदे एवं डॉ. के निर्देशानुसार राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने ऐरोली प्रभाग में तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

## यहां हुई कारवाई

नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्राधिकार के तहत जी डिवीजन ऐरोली के अंतर्गत सागरनाथ राम माधवी, मकान नंबर -30, मच्छी मार्केट के पीछे, दिवा गांव, सेक्टर -9, ऐरोली में आरसीसी भवन का निर्माण नवी मुंबई नगर निगम की अनुमति के बिना शुरू किया गया था। उक्त अनधिकृत निर्माण को ऐरोली डिवीजन के माध्यम से महाराष्ट्र क्षेत्रीय योजना और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी किया गया था। संबंधित द्वारा किये गये अनाधिकृत निर्माण को हटाना आवश्यक था। लेकिन उन्होंने अनधिकृत निर्माण जारी रखा। रिट याचिका संख्या 1591/2023 में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार 1 से 5वीं मंजिल के एक तरफ स्लैब के निर्माण को हटा दिया गया है। चूंकि पोकलेन, जेसीबी जैसे मिशनर उक्त स्थान पर नहीं जा सकते, इसलिए इस अभियान के लिए 6 हथौड़े, 8 ब्रेकर और 12 मजदूरों का उपयोग किया गया है और ऐरोली डिवीजन के अधिकारी/कर्मचारी अभियान के लिए मौजूद थे।

# दो दिन में दो नाबालिग लड़कियां लापता


- अपहरण का मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

जहां देश और राज्य में नाबालिग लड़कियों पर अत्याचार के मामले बढ़ रहे हैं, वहीं भिवंडी में दो दिनों में अलग-अलग जगहों से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई हैं और इस मामले में संबंधित पुलिस स्टेशनों में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है।

### पहली घटना : नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज

दूसरी घटना में अंजुरफाटा के रामनगर की रहने वाली सविता पंढरी गांगड़े की 16 साल की नाबालिग बेटी शाम छह बजे घर से बाहर निकली और घर नहीं आई तो परिजनों ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।




### दूसरी घटना : शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, साईंबाबा मंदिर क्षेत्र के स्टेम वाटर सप्लायर्स मोहल्ले के निवासी विजय रामदेव पासवान की 14 वर्षीय पुत्री को सुबह साढ़े 6 बजे के बाद शानदार मार्केट के आसपास से बिना सहमति के अज्ञात कारण से कोई बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# बाइक की टक्कर से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

## वाहन चालक फरार

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के अंतर्गत कोपर गांव की सीमा में सड़क पर खेल रहे एक तीन वर्षीय लड़के को बाईक सवार ने जोर से टक्कर मार कर फरार हो गया। बाईक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल फयान अब्दुल मन्नान की दर्दनाक मृत्यु हो गई है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक, कोपर गांव निवासी नूरजंहा अब्दुल मन्नान जब काम पर गए तो उनका छोटा बेटा फयान और बड़ा बेटा अब्दुल मन्नान शिव मंदिर के सामने मैदान में खेलने चले गए। तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने फ़यान को टक्कर मार दी और घायल बच्चे की मदद किए बिना भाग गया। इस मामले में मां की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात दोपहिया वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# स्वामी समर्थ मठ के बाहर हिंदू संगठनों का विरोध प्रदर्शन

दोपहर संवाददाता | डोंबिवली

पुरोगमी विचारक ज्ञानेश महाराव की टिप्पणी के खिलाफ महायुति नेता और हिंदुत्व संगठनों द्वारा डोंबिवली में स्वामी समर्थ मठ के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संभाजी ब्रिगेड के एक कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम और स्वामी समर्थ के बारे में महाराव की आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस के



अध्यक्ष शरद पवार और कांग्रेस सांसद शाहू छत्रपति मौजूद थे, लेकिन उन्होंने महाराव के बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जिससे हिंदूवादी संगठनों में गहरा असंतोष है।

# खराब सड़क, कीचड़ और गंदगी से बेहाल है भिवंडी का मुख्य बाजार

- नाराज दुकानदारों ने दी आक्रोश मोर्चा निकालने की चेतावनी

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी शहर का मुख्य तीन बत्ती बाजार क्षेत्र मनपा प्रशासक राज में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। शहर का प्राचीनतम बाजार तीन बत्ती क्षेत्र का खराब सड़कों, गंदगी



और कचरे के कीचड़ से बुरा हाल हो गया है। गड्ढों की सड़क में भरा गंदा पानी एवम कचरे से गुजरकर लोग बाजार में जाने को मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि मनपा प्रशासन सब कुछ जान समझकर भी आंखे मूंदे मूकदर्शक बनी हुई है। मनपा की लापरवाह कार्यप्रणाली से लोगों में भारी नाराजगी फैल रही है। क्षेत्र के दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि 15 दिन में अगर सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो मनपा प्रशासन के खिलाफ आक्रोश मोर्चा निकाला जायेगा।

# डॉ. मुहम्मद मुकीम जामई को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार



दोपहर संवाददाता | भिवंडी

शिक्षक दिवस के अवसर पर नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड ह्योमिनटेरियन फाउंडेशन द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में डॉ. मुहम्मद मुकीम जामई को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर भिवंडी वीवर्स एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य और निदेशक MANUU डॉ. अबुल बरकात, डॉ. खुर्शीद और दयान वली जान शेख ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की।

# उल्हासनगर मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आक्रोश

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को थोड़ा थोड़ा वेतन देने के बजाय ब्याज सहित उनका पूरा बकाया एकमुश्त देने की मांग को लेकर प्रशासन ने 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जाने का फैसला किया है. काफी समय से मनपा मुख्यालय का चक्कर लगाने और उचित जवाब नहीं मिलने के बाद आखिरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है।



### सेवानिवृत्त कर्मचारी मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे

*कायदाने वागा संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष राज असरोंडकर के नेतृत्व में होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारी मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे. प्रशासन ने एक लिखित पत्र में कर्मचारियों द्वारा 2,000 रुपए के मामूली दान को ₹भीख₹ करार देते हुए अस्वीकार कर दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन उनके हक का एकमुश्त भुगतान न कर टालमटोल की नीति अपना रहा है। उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके बकाया पर ब्याज के साथ एकमुश्त राशि का भुगतान किये जाने के सख्त आदेश के बाद भी ₹वित्तीय संकट₹ का हवाला देते हुए मनपा बकाए देने को लेकर टाल मटोल कर रही है। अगर पालिका के पास जीवित कर्मचारियों को उनका हक का देने के लिए पैसे नहीं हैं .तो भूख हड़ताल के दौरान किसी कर्मचारी की मौत हो जाती है तो उसके परिवार को ब्याज सहित सभी बकाया राशि का तुरंत भुगतान किया। कहकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने नाराजगी जताई है।*

"कर्मचारी पिछले कई वर्षों से इस मांग को लेकर मनपा मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद लगने वाले सभी देय एकमुश्त मिलें। हालांकि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय पहले ही ऐसे मामलों में कर्मचारियों के पक्ष में फैसला दे चुका हैं, लेकिन उल्हासनगर प्रशासन समय-समय पर वित्तीय बाधाओं का हवाला देकर कर्मचारियों के बकाया भुगतान से बचता रहा है। इस संबंध में कई ज्ञापन देने के बाद भी, कर्मचारियों ने एक लिखित पत्र के माध्यम से इस अल्प दान से इनकार कर दिया है क्योंकि प्रशासन कम राशि की भीख मांग रहा है।

**- राज असरोंडकर (अध्यक्ष,कायदाने वागा)**

# डॉ. पीपी वावा ने नामुम्पा के स्वच्छता कार्य की सराहना की

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छता कर्मचारी आयोग के सदस्य डॉ. पी. पी. वावा ने नवी मुंबई नगर निगम के मुख्यालय का दौरा किया और नगर निगम की ओर से चल रहे स्वच्छता कार्यों और स्वच्छतामित्र के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने भविष्य में बेहतर कार्य किये जाने का विश्वास व्यक्त करते हुए कुछ बहुमूल्य



सुझाव भी दिये। इस अवसर पर सामाजिक सलाहकार गिरेन्द्र नाथ एवं समन्वयक संदीप चरण को भी सम्मानित किया गया। उक्त बैठक में अपर आयुक्त सुनील पवार एवं शिरीष अरडवाड एवं विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# उल्हासनगर एंटीलिया में ब्रह्मभोज का आयोजन

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर विधायक कुमार आयलानी परिवार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रीजेंसी एंटीलिया में स्थित नए गुरुद्वारे में 12 सितम्बर को गणेशोत्सव के निमित्त ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया जिसमें शहर के तमाम विप्र (ब्राम्हण) समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर शहर के विधायक कुमार आयलानी व मीना आयलानी



ब्राह्मण भोज आयोजित किया गया। इस अवसर परआयलानी परिवार द्वारा ब्राह्मणों का यथोचित सत्कार व सम्मान किया गया।

न्यूज ब्रीफ

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा का महाराष्ट्र में राज्यव्यापी प्रदर्शन

मुंबई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका में आरक्षण विरोधी बयान देने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शुक्रवार को महाराष्ट्र में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता अलग-अलग जगहों पर शामिल होंगे।

महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी के बयान ने आरक्षण के खिलाफ कांग्रेस का असली चेहरा उजागर कर दिया है और भाजपा सामाजिक न्याय और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस के दोहरे रुख को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी की ओर से जगह-जगह 'कांग्रेस हटाओ आरक्षण बचाओ' का नारा दिया जाएगा। अकोला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, मुंबई में भाजपा के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार, मुंबई में राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे इस आंदोलन में भाग लेंगी।लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ठाणे में, ग्रामीण विकास मंत्री गिरीश महाजन जलगांव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल पुणे में, वन एवं संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार चंद्रपुर में, आवास मंत्री अतुल सावे छत्रपति संभाजीनगर में, आदिवासी विकास मंत्री डॉ. विजय कुमार गावित नंदुरबार में राहुल गांधी के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करेंगे।

**अनमोल विचार** आंतरिक सुंदरता बाहरी सुंदरता से ज्यादा महत्वपूर्ण है : रोनाल्ड डाहल

## लालू यादव की एंजियोप्लास्टी

### दो दिन पहले हुए थे भर्ती

▸▸ एंजियोप्लास्टी के बाद अब एक से दो दिन में अस्पताल से मिल सकती है छुट्टी

**मुंबई।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की मुंबई के एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी की गई। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि लालू यादव को 10 सितंबर को एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था और बुधवार को उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। सूत्रों ने बताया कि बिहार के 76 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री को एक या दो दिन में छुट्टी मिलने की उम्मीद है।

### 2014 में हो चुकी है सर्जरी




इससे पहले 2014 में लालू यादव की एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में छह घंटे लंबी महाधमनी वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई थी। उन्होंने 2018 और 2023 में फॉलो-अप के लिए अस्पताल का दौरा किया था। सूत्रों ने एजेंसी से कहा, 'उन्हें 10 सितंबर 2024 को डॉ. संतोष डोरा और डॉ. तिलक सुवर्णा द्वारा एंजियोप्लास्टी के लिए एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में फिर से भर्ती कराया गया था।

# आव्हाड की बढ़ी मुसीबतें

## 2018 के एक मामले में HC ने दिया सुनवाई का आदेश


दोपहर संवाददाता । मुंबई

हिंदू टास्क फोर्स के संस्थापक एड. खुश खंडेलवाल द्वारा राकांपा के विधायक जितेन्द्र आव्हाड के विरुद्ध दायर याचिका को स्वीकार करते हुए मुंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सारंग कोतवाल की खंडपीठ ने सुनवाई का आदेश दिया है। जिससे राकांपा के विधायक आव्हाड की मुसीबतें बढ़ सकती है। यह पूरा मामला वर्ष 2018 का है।



### क्या है मामला ?

दरअसल अगस्त 2018 में मुंबई एटीएस ने नालासोपारा से गौरक्षक वैभव राउत को गिरफ्तार कर वहां से देशी बम बरामद था। इस मामले की जांच के दौरान आव्हाड ने एक वीडियो बनाकर बिना किसी सबूत के दो समाज में द्वेष पैदा करने वाले बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि वैभव राउत मराठा मोर्चा में बम फोड़ने वाला था। जबकि एटीएस ने अपनी जांच या चार्ज शीट में कही भी यह दावा नहीं किया था। हालांकि राउत को बाद में जमानत भी मिल गई थी।उनके बयान के खिलाफ एड. खंडेलवाल ने भाईंदर पुलिस थाने में विधायक आव्हाड के विरुद्ध आईपीएस की धारा 153(A) व 505 (2) के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने खंडेलवाल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की थी। इसके बाद खंडेलवाल ने न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे में फौजदारी केस दायर किया था। तत्कालीन न्यायिक मजिस्ट्रेट ने खंडेलवाल द्वारा पेन ड्राइव में दिए आव्हाड के वीडियो बयान को नवंबर 2019 में कोर्ट में सुनकर यह माना की आव्हाड द्वारा दिया गया बयान प्रथम दृष्टि आईपीसी की धारा 153(A) व 505 (2) के तहत संगेय अपराध है, लेकिन क्षेत्राधिकार के आधार पर मजिस्ट्रेट ने एफआईआर का निर्देश देने से मना कर दिया था।



### न्यायिक मजिस्ट्रेट को पुनः सुनवाई करने का आदेश

तब खंडेलवाल ने न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के आदेश को मुंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। खंडेलवाल ने बताया की मुंबई उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया है। साथ ही न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के आदेश को खारिज करते हुए खंडेलवाल की जितेंद्र आव्हाड के विरुद्ध एफआईआर की मांग पर न्यायिक मजिस्ट्रेट को पुनः सुनवाई करने का आदेश दिया है।

## MVA में सीटों को लेकर फंसा पेंच



▸▸ उद्धव ठाकरे-शरद पवार की डिमांड से कांग्रेस नाराज !

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी महाविकास अघाड़ी (MVA) में सीट बंटवारे में पेंच फंस गया है। मुंबई की 36 विधानसभा सीटों में से उद्धव ठाकरे की पार्टी 21 सीटों पर लड़ना चाहती है। उद्धव गुट ने 21 सीटों पर तैयारी शुरू कर दी है। वहीं शरद पवार सात सीटें चाहते हैं। ऐसे में कांग्रेस के हिस्से सिर्फ आठ सीटें रह रही हैं, जिससे पार्टी नाराज है। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई की अंधेरी वेस्ट, वर्सोवा, कुर्ला, अणुशक्ति नगर, दहिसर, घाटकोपर ईस्ट और घाटकोपर वेस्ट सीट शरद पवार ने मांगी है।

महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। ऐसे में सभी पार्टियां अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटी है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में भले ही सीट शेयरिंग और सीएम चेहरे को लेकर अंदरुनी मतभेद हो लेकिन गठबंधन के नेता लगातार आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का दावा करते नजर आ रहे हैं।

# 'पूर्व PM की इफ्तार पार्टी में गए थे CJI...अब इतनी हाय-तौबा क्यों'

▸▸ फडणवीस का विपक्ष पर पलटवार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा में शामिल होने पर सियासी घमासान मच गया है। सबसे पहले शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इसकी आलोचना की और कहा कि इससे जनता के मन में न्यायिक निष्पक्षता के बारे में संदेह पैदा हो सकता है। इसके बाद पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी।



### संविधान के घर को आग लगी घर के चिराग से : संजय राउत

गुरुवार को मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा, "गणपति उत्सव चल रहा है, लोग एक-दूसरे के घर जाते हैं। मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है कि पीएम मोदी अब तक कितने घरों में गए लेकिन प्रधानमंत्री सीजेआई के घर गए और उन्होंने मिलकर गणेश जी की आरती की यदि संविधान का संरक्षक राजनेताओं से मिलता है, तो यह लोगों के मन में निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा करता है। शिवसेना महाराष्ट्र का हमारा मामला, जिसकी सुनवाई सीजेआई चंद्रचूड़ के समक्ष चल रही है।। इस मुलाकात से हमें संदेह है कि क्या हमें न्याय मिलेगा

### देवेंद्र फडणवीस ने की आलोचना

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर पीएम मोदी की गणेश पूजा पर विवाद की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। पहले के प्रधानमंत्रियों ने इफ्तार पार्टियों की मेजबानी की तब विवाद नहीं खड़ा हुआ। बीजेपी के वरिष्ठ नेता फडणवीस ने एक पुराना समाचार लेख भी सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी में तत्कालीन सीजेआई केजी बालाकृष्णन (CJI K.G. Balakrishnan) के साथ विभिन्न दलों के अन्य प्रमुख नेता भी नजर आ रहे है।

फडणवीस ने एक्स पर लिखा, "देशभर में गणेशोत्सव की धूम है। चारों तरफ आस्था और पूरे भक्तिभाव से भगवान गणेश जी का पूजन किया जा रहा है। कल तो गौरी-गणपति का महालक्ष्मी पूजन भी हुआ। इसी दौरान सीजेआई चंद्रचूड जी के घर कल पीएम मोदी ने भगवान गणेश की आरती और माता महालक्ष्मी का पूजन भी किया। सीजेआई चंद्रचूड महाराष्ट्र से हैं। दिल्ली में हर साल वे महाराष्ट्रीयन व्यक्ति के पास से ही भगवान गणेश की मूर्ति पूजा के लिए लाते हैं। लेकिन अब अचानक इकोसिस्टम ऐसे सक्रिय हो गया है, जैसे मानो की आसमान फट पड़ा हो। उन्होंने आगे कहा, "फर्क सिर्फ इतना है कि पूर्व के प्रधानमंत्री अपने आवास पर इफ्तार पार्टियों का आयोजन करते थे और तब सीजेआई इसमें शामिल होते थे। लेकिन, गणेश जी और महालक्ष्मी जी की पूजा के लिए पीएम मोदी के जाने पर इतनी हाय-तौबा क्यों? हिन्दुत्व का विरोध करते-करते अब भगवान गणेश और माता गौरी-महालक्ष्मी का विरोध करने तक क्यों गिर गए?"

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/ 2024 /50034 सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई,
जा.क्र. झोपुप्रा/सनिस/कार्यासन-1/ टेसी 4 सन 2024 दिनांक : 12.09.2024

-: सर्वसाधारण सभेची नोटीस :-

**(नियोजित) जय भैरवनाथ एस. आर. ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भू.क्र. १६३ / अ (भाग) व १६६ (भाग), मौजे आकुर्ली, ता. बोरीवली, विभाग आर-दक्षिण वडारपाडा रोड क्र. १, श्रीराम नगर, कांदिवली (पूर्व), मुंबई- ४०० १०९** या संस्थेचा प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ नुसार प्रस्ताव या विभागास प्राप्त झालेला आहे. सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने परिपत्रक क्र. १४४ (ड) मध्ये नमुद केल्याप्रमाणे सदर संस्थेची सर्वसाधारण सभा आयोजित करणेकरीता मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झो.पु.प्रा. बृहन्मुंबई यांनी दिनांक १२.०९.२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये माझी नियुक्ती प्राधिकृत अधिकारी म्हणून करण्यांत आलेली आहे.

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार सदर संस्थेची सर्वसाधारण सभा **मंगळवार, दिनांक ०१/ १० / २०२४ रोजी ठिक सकाळी ११:०० वाजता, स्थळ : भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी सभागृह, विश्वकर्मा मंदिराच्या मागे, खदान, वडारपाडा रोड क्र. १, हनुमान नगर, कांदिवली (पूर्व), मुंबई ४०० १०१** येथे खालील विषयावर सभा आयोजित करण्यात आलेली आहे. संस्थेने प्रस्तावासोबत प्राधिकरणास सादर केलेल्या झोपडीधारकांची यादी सभेच्या नोटीस सोबत जाहीर करण्यांत येत आहे. सदर यादीमधील झोपडीधारकांनीच उपस्थित रहावे. अन्य व्यक्तीस सभेस उपस्थित राहता येणार नाही. कृपया याबाबत नोंद घ्यावी.

-: सभेपुढील विषय :-

१) मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
२) नियोजित संस्थेसाठी विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे.

सही/-
(आर. एन.हळदे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-1), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 12.09.2024

सूचना:-

| अ.क्र. | वेळ | विषय |
|---|---|---|
| 1) | सकाळी 10.00 ते 11.00 पर्यंत | बायोमेट्रिक |
| 2) | 11.05 पासून सभेस सुरूवात | सभा संपेपर्यंत |

प्रशासकीय इमारत, अनंत काणेकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०००५१,

## ईडी ने उषदेव इंटरनेशनल से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में 43.52 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उषदेव इंटरनेशनल से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में 43.52 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। कुर्क कर गई संपत्तियों में भूमि, भवन और बैंक खातों में सावधि जमा के रूप में पड़ी राशि शामिल है। ईडी सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मेसर्स उषदेव इंटरनेशनल लिमिटेड [यूआईएल] और अन्य द्वारा बैंक धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत संपत्तियों को कुर्क किया है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो [सीबीआई], बैंक सुरक्षा और धोखाधड़ी क्षेत्र [बीएस और एफसी] शाखा, मुंबई द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत 1,438.45 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की है।

ईडी के अनुसार जांच से पता चला है कि मेसर्स यूआईएल को कई बैंकों द्वारा ऋण के रूप में दिए गए धन को अग्रिम और असुरक्षित ऋण की आड़ में विभिन्न संस्थाओं में भेज दिया गया था। बाद में, कई बैंक खातों के माध्यम से छानबीन करने के बाद उक्त धन को अंततः भारत स्थित कंपनियों में स्थानांतरित कर दिया गया, जिसमें मेसर्स यूआईएल की विदेशी सहायक कंपनियां प्रमुख शेयरधारक हैं। इन सहायक कंपनियों को मेसर्स यूआईएल के निदेशकों और प्रमुख शेयरधारकों द्वारा नियंत्रित और प्रबंधित किया जाता था। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा, मेसर्स यूआईएल को कई बैंकों से फंड आधारित और गैर-फंड आधारित ऋण सुविधाएं दी गईं और बैंकों द्वारा दी गई।

## गलत जानकारी देने के मामले में पूजा खेडकर को दिल्ली हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

**मुंबई/नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की याचिका पर महाराष्ट्र कैडर की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को नोटिस जारी है। यूपीएससी ने याचिका में कहा है कि पूजा खेडकर ने अपनी याचिका में गलत दावा किया था कि उसे उम्मीदवारी रद्द करने का आदेश नहीं दिया गया था। जस्टिस ज्योति सिंह ने यूपीएससी के आवेदन का संज्ञान लेते हुए खेडकर को नोटिस जारी कर तीन हफ्ते में जवाब पेश करने के लिए कहा है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सहायक आयुक्त-टी वार्ड

ईओआई सूचना

महानगरपालिका के आयुक्त निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | बयाना राशि | ईओआई जांच शुल्क | ईओआई बिक्री प्रारंभ शुल्क | ईओआई बिक्री समाप्ति तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| टी वार्ड में सार्वजनिक शौचालयों के लिए विशेष सफाई/स्वच्छता अभियान का कार्यान्वयन। | रु.22,500/- | रु. 3300/- + 18% जीएसटी | 12.09.2024 को सुबह 11:00 बजे | 19.09.2024 को शाम 16:00 बजे |

वीवैक्स सीलबंद ईओआई को सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) टीवार्ड के कार्यालय में नियत तिथि यानी 20.09.2024 को दोपहर 1:00 बजे या उससे पहले जमा करना होगा। ईओआई दस्तावेज डाक से नहीं भेजा जाएगा।

सही/-
(श्री अजय पाटने)
सहायक आयुक्त टी वार्ड

पीआरओ/1251/विज्ञा/2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

क्र. एई/एसडब्लूएम/22911/एल दि.12/09/2024

विषयः एल' वार्ड में 90 फीट रोड पर मैनिंग और मॉपिंग योजना के तहत संविदा श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए संस्थाओं की नियुक्ति के लिए इच्छुक और पात्र संस्थाओं से ईओआई।

यक आयुक्त एमसीजीएमएल वार्ड ने एल वार्ड में उपरोक्त विषयगत कार्य के लिए ईओआई जारी किया है।

ईओआई सूचना

| अनु क्र. | ईओआई क्र | वार्ड | ईओआई जमा (ईएमडी) (रु.) | ईओआई दस्तावेज़ की लागत (रु.) (गैर वापसी योग्य) | बैंक ईओआई दस्तावेज़ की बिक्री | ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमडीएम/पी/ 2362 दि. 10.09.2024 | एल | ......... | 1320/- +18% जीएसटी यानी रु. 1558/ | 13.09.2024 से 18.09.2024 (सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच) | 19.09.2024 को दोपहर 3:00 बजे तक |

ईओआई दस्तावेजों का पूरा सेट इच्छुक पक्षों द्वारा किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक 1320 रुपये + 18% जीएसटी यानी 1558 रुपये गैर-वापसी योग्य फीस का भुगतान करके खरीदा जा सकता है, नीचे दिए गए पते पर ए.ई. (एस.डब्ल्यू.एम.) प्रति सेट एल वार्ड के कार्यालय से सी.एफ.सी. से।

सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) एल वार्ड का कार्यालय
दूसरी मंजिल, एल वार्ड कार्यालय भवन,
यादव मंडई मार्केट, एस.जी. बर्वे मार्ग, कुर्ला (पश्चिम),
मुंबई-400070.


ईओआई को विधिवत सीलबंद करके नियत तिथि को अपराह्न 3.00 बजे या उससे पहले प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

हस्ता./
सहा. अभियंता (एस.डब्ल्यू.एम) एल वार्ड

पीआरओ/1269/2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

# उपलब्धता के साथ गुणवत्ता भी है जरूरी



दीपिका अरोड़ा

जल, जिसे जीवन भी कहा जाता है, किसी वरदान से कम नहीं है। इसके बिना जीने की कल्पना भी असंभव है। भारत, जो विश्व की 17 प्रतिशत जनसंख्या का निवास स्थान है, कुल वैश्विक भूजल का एक-चौथाई से अधिक उपयोग करता है। यदि पेयजल की उपलब्धता की बात करें तो वर्तमान में भारत के पास विश्व के मीठे जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत मौजूद है। देश की आवश्यकताओं को देखते हुए इसे चुनौतीपूर्ण स्थिति कहा जा सकता है। 'जल संचय जन भागीदारी पहल' की शुरुआत पर प्रधानमंत्री भी इसी विषय पर चिंता प्रकट करते नजर आए। घटते भूजल स्तर के मद्देनजर देश के प्रत्येक नागरिक को इसका दुरुपयोग रोकने और पुनर्चक्रण के मंत्र को अपनाने की जरूरत है।

जल संकट कमोबेश समूचे देश को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। देश के अनेक हिस्से जल उपलब्धता से वंचित हैं। बीते दिनों दिल्ली और बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली। राष्ट्रीय राजधानी के कई क्षेत्र ड्राई जोन घोषित किए गए। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय जल संकट का सामना कर रहे हैं। सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोग मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। यूनिसेफ द्वारा 18 मार्च, 2021 को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 9.14 करोड़ बच्चे जलाभाव की गंभीर स्थिति से जूझ रहे हैं।

पेयजल की बढ़ती कमी में विगत कुछ वर्षों से वर्षा का बदलता प्रतिरूप काफी हद तक जिम्मेदार है। अनियमित एवं कम बारिश तथा बढ़ते तापमान के कारण सूखे जैसे हालात उत्पन्न हो रहे हैं। औद्योगिक व शहरी उपयोग के साथ भारत की 60 प्रतिशत से अधिक कृषि और 85 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति भूजल पर निर्भर है। देश की निरंतर बढ़ती जनसंख्या के दृष्टिगत मांग का आपूर्ति पर भारी पड़ना असंतुलन का दायरा कई गुणा बढ़ा देता है। अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के चलते अकारण जल रिसाव, वितरण में असमानता, अकुशल सिंचाई, अत्यधिक दोहन और जल संरक्षण के उपायों की कमी ने भी जल संकट बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

औद्योगिक कचरा, विविध रसायन, सीवेज और घरेलू अपशिष्ट जल स्रोतों में फेंकने अथवा आसपास डंप करने से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे शुद्ध जल की मात्रा घट जाती है। लाखों भारतीयों तक सुरक्षित पेयजल की पहुंच न होने से जलजनित बीमारियों के मामले बढ़ गए हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 163 मिलियन भारतीय सुरक्षित जल से वंचित हैं। 21 प्रतिशत संचारी रोग असुरक्षित जल से जुड़े हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों की सूची में 120वें स्थान पर है, जहां लगभग 70 प्रतिशत जल संदूषित है।

जल प्रदूषण और दुरुपयोग का यह सिलसिला यूं ही जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब देश की आधे से अधिक आबादी जल संकट से जूझेगी। डीसीएम श्रीराम और सत्व नॉलेज की मार्च, 2024 में आई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से अधिक जिलों में पानी की समस्या बढ़ सकती है। इस दौरान प्रति व्यक्ति पानी की मांग में 30 प्रतिशत और उपलब्धता में 15 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, यदि यही स्थिति रही तो 2050 तक देश में मौजूद जल का 40 प्रतिशत हिस्सा समाप्त हो सकता है। जल संरक्षण के संदर्भ में नियम-कानून बने होने तथा केंद्र-राज्य सरकारों द्वारा जल संरक्षण के प्रति जन जागृति फैलाने के लिए 'अटल भूजल योजना', 'कैच द रैन' और 'जल जीवन मिशन' जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। बावजूद इसके यदि हालात न सुधरें, तो स्पष्ट तौर पर न तो लोग इसे गंभीरता से ले रहे हैं और न ही नियम-कानूनों का समुचित क्रियान्वयन संभव हो पा रहा है। भारत का नाम जल संकट के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले 37 देशों में सूचीबद्ध होना गहन मंथन का विषय है। जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि नवीन तकनीकों और नीतियों को अपनाते हुए ड्रिप सिंचाई जैसी टिकाऊ कृषि तकनीकों को बढ़ावा दिया जाए।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने भी कहा, प्रकृति संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा रहा है। जल संचय केवल नीतियों तक सीमित न होकर एक पुण्यकर्म भी है, जिसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों समाहित हैं। दूसरे शब्दों में, जल संरक्षण सामाजिक निष्ठा का भी विषय है, जिसका पालन हमारे पूर्वजों के लिए सर्वोपरि रहा। जल संकट एक स्वास्थ्य संकट है, और प्रत्येक नागरिक के लिए इसे समझना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री के कथनानुसार, यदि 'रिड्यूस', 'रियूज़', 'रिचार्ज' और 'रिसाइकिल' अपनी दिनचर्या के अभिन्न भाग बना लिए जाएं, तो निस्संदेह हर बूंद सहेजने का यह प्रयास संजीवनी बनकर कितने ही लोगों का जीवन बचा सकता है। इससे बढ़कर परोपकार और क्या हो सकता है!


## संपादकीय

# मरीजों की फिक्र

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सहकर्मी से दुराचार व हत्या के विरोध में आंदोलित जूनियर डॉक्टरों को देशव्यापी समर्थन मिलता रहा है। राज्य में भी उन्हें व्यापक सहानुभूति मिली है। निस्संदेह कार्यस्थल पर महिला डॉक्टरों की सुरक्षा व न्याय की उनकी मांग तार्किक ही है। लेकिन इसके बावजूद लंबे समय तक चिकित्सा सेवाओं को ठप नहीं किया जा सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पतालों में वे ही मरीज उपचार के लिये आते हैं, जो महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करा पाते। पश्चिम बंगाल सरकार कह रही है कि हड़ताल शुरू होने के बाद उपचार के अभाव में 23 मरीजों की जान चली गई है। ऐसे में हड़ताली डॉक्टरों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करना चाहिए था। लेकिन विडंबना है कि हड़ताली जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार तक काम पर लौटने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया। एक माह से जारी हड़ताल से चिकित्सा सुविधाओं का बाधित होना स्वाभाविक है। सार्वजनिक सेवाओं में, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र गहन जिम्मेदारी की मांग करता है। असंख्य रोगियों का जीवन चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। लंबे समय से डॉक्टरों की अस्पतालों में अनुपस्थिति से हजारों मरीजों को दर-दर की ठोकरें खाते देखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि करीब छह लाख से अधिक मरीज इस हड़ताल के कारण आवश्यक उपचार से वंचित हो गए। निस्संदेह, ये आंकड़े सोचने को विवश करते हैं कि किसी हड़ताल का यथार्थ में कितना व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताली डॉक्टरों की प्रति सहानुभूति व्यक्त की है, लेकिन साथ ही चेताया भी कि उनका विरोध प्रदर्शन उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा महिला कर्मचारियों के लिये अलग ड्यूटी रूम बनाये जाने जैसे सुरक्षा उपायों को अविलंब क्रियान्वित किया जाएगा। निस्संदेह, डॉक्टरों को देश की न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखना चाहिए और अपनी ड्यूटी को अविलंब आरंभ कर देना चाहिए। उनकी अस्पतालों में अनुपस्थिति जहां रोगियों की मुश्किलें बढ़ाती है, वहीं चिकित्सा जैसे आदर्श पेशे के प्रति जनता के विश्वास को भी घटाती है। यही वजह है, अदालत को कहना पड़ा कि आदेश के पालन से इनकार करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें दो राय कि देश के चिकित्सा संस्थानों तथा अस्पतालों में असुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों को लेकर व्यक्त की जा रही चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। इन मुद्दों का अविलंब निस्तारण होना भी चाहिए। लेकिन उन्हें इस बात का भी अहसास होना चाहिए कि लंबे समय तक इस तरह की अवज्ञा न्याय को कमजोर करती है। निस्संदेह, पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों के अपने काम पर लौटने का वक्त आ गया है। जिससे उपचार तथा न्याय बिना देरी के आगे बढ़ सकें। लेकिन साथ ही राज्य सरकार को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों चिकित्सा बिरादरी व आम लोगों में उसकी कारगुजारी को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। क्यों कलकत्ता हाईकोर्ट को मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। आखिर क्यों इस मामले में अभियुक्त व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल की गिरफ्तारी के बाद भी आक्रोशित डॉक्टरों का भरोसा नहीं लौट रहा है। निस्संदेह, ये हालत शासन-प्रशासन की कारगुजारियों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। वहीं दूसरी ओर हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने से भी बात बनती नजर नहीं आ रही है। लेकिन एक बात तो साफ है कि सरकार व हड़ताली डॉक्टरों व कर्मचारियों में टकराव की कीमत मरीजों को चुकानी पड़ रही है। वैसे कोई भी सरकार दावा नहीं कर सकती कि उसके यहां अपराध नहीं होते और भविष्य में नहीं होंगे। लेकिन इसके बावजूद किसी भी वारदात के बाद शासन-प्रशासन से संवेदनशील व्यवहार की तो उम्मीद की ही जानी चाहिए। इस मामले में ममता सरकार से कई मामलों में चूक हुई है, जिसके चलते डॉक्टरों को सड़कों पर उतरना पड़ा है। उन्हें आशंका थी कि शायद पीड़िता को न्याय न मिल सके। बहरहाल, संकट का शीघ्र समाधान जरूरी है।

## शख्सियत | महंत स्वामी महाराज

### बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के छठे और वर्तमान आध्यात्मिक गुरु



महंत स्वामी महाराज एक अंतरराष्ट्रीय हिंदू सामाजिक-आध्यात्मिक संगठन, बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के वर्तमान गुरु और अध्यक्ष हैं। गुणतीतानंद स्वामी, भगतजी महाराज, शास्त्रीजी महाराज, योगी जी महाराज और प्रमुख स्वामी महाराज के बाद बीएपीएस उन्हें स्वामीनारायण का छठा आध्यात्मिक उत्तराधिकारी मानता है। महंत स्वामी महाराज ने 1961 में योगी जी महाराज से एक हिंदू स्वामी के रूप में दीक्षा प्राप्त की।

महंत स्वामी महाराज का जन्म 13 सितंबर 1933 को जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत में दहिबेन और मणिभाई नारायणभाई पटेल के घर हुआ था। कुछ दिनों बाद, BAPS के संस्थापक ब्रह्मस्वरूप शास्त्रीजी महाराज जबलपुर आये, जहां उन्होंने नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया और उसका नाम केशव रखा। उनका परिवार भी उन्हें प्यार से वीनू कहकर बुलाता था। 1961 में, गढ़ाडा में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के कलश महोत्सव के अवसर पर, योगीजी महाराज ने 51 शिक्षित युवाओं को भगवती (भगवा) दीक्षा दी। इनमें वीनू भगत का नाम स्वामी केशव जीवनदास था। इसके बाद योगीजी महाराज ने 51 नवदीक्षित साधुओं को मुंबई में संस्कृत का अध्ययन करने का निर्देश दिया। स्वामी केशव जीवनदास को दादर मंदिर में उनके प्रमुख ('महंत') के रूप में नियुक्त किया गया था। अतः कालान्तर में वे आदरपूर्वक महन्त स्वामी के नाम से जाने गए।

प्रमुख स्वामी महाराज की शुद्ध संतता और आध्यात्मिक उदात्तता से उनका परिचय 1951 में शुरू हुआ, जब वे उनसे पहली बार मिले। 1971 से, परम पूज्य स्वामी महाराज की इच्छाओं और निर्देशों के अनुसार, उन्होंने अनगिनत भक्तों में सत्संग को प्रेरित और मजबूत करने के लिए पूरे भारत और विदेशों में लगातार यात्रा की है। उन्होंने संस्था के मेगा-त्योहारों, बच्चों और युवा गतिविधियों, अक्षरधाम परियोजनाओं और अन्य सत्संग गतिविधियों में भी अपनी सेवाएं दी हैं। 20 जुलाई 2012 को अहमदाबाद में वरिष्ठ साधुओं की उपस्थिति में, प्रमुख स्वामी महाराज ने महंत स्वामी को अपने आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के रूप में प्रकट किया। 13 अगस्त 2016 को प्रमुख स्वामी महाराज के सांसारिक प्रस्थान के बाद महंत स्वामी भगवान स्वामीनारायण की गुणातीत परंपरा परंपरा में छठे गुरु बन गए। परम पूज्य महंत स्वामी महाराज अब अनगिनत भक्तों के गुरु और आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में अध्यक्षता करते हैं और बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की विश्वव्यापी सामाजिक-आध्यात्मिक गतिविधियों का संचालन करते हैं।


## सहज योग

# परमात्मा के लिए समय अनन्त है



आज तक अत्यन्त कष्ट उठाकर के न जाने कितने मानवों ने इस पर ध्यान दिया। **Psychologists** ने भी दिया, **Biologists** ने भी दिया, बड़े बड़े **Scientists** ने भी दिया।

उस शक्ति को जानने के बारे में कितनी भी बातें आप करिए और कितना ही इस पर प्रयत्न करें आप वहां तक नहीं पहुंच सकते। ये बात निःसन्देह है। ऐसे तो सभी ने यहीं लिखा है जो मैं कह रही हूं। कोई भी ऐसी विशेष बात तो कह नहीं रही हूं। नानक जी को आप पढ़ें, कबीर दास जी को आप पढ़े, आप वशिष्ठ को पढ़ें, गुरुओं के गुरु जनक के बारे में आप पढ़ें, अपने देश में छोड़ो, बाहर के देशों में भी हजारों लोगों को जो पार हो चुके हैं हजारों वर्षों से ऐसा ही लिखते आए हैं, यही लिखते आए हैं जो मैं कह रही हूं कि जो पाना है अकस्मात अन्दर होता है। लेकिन वो भी बेचारे कहते ही रह गए, क्योंकि शायद वो भी उसे खोज नहीं पाए थे गर कोलम्बस हिन्दुस्तान नहीं खोज पाया था तो इसका मतलब ये नहीं कि वो कुछ कम था और बाद में जिन लोगों ने उसे खोज लिया है वो उन्होंने उसे कोई नीचे गिराने के लिए नहीं खोजा। ये सामूहिक खोज है। आप भी जब उसे अलग-अलग होकर सोचते हैं तब इस तरह से बात बहुतों के दिमाग में आती है कि



माताजी कुछ अलग ही बात कह रही है। मैं इन सब खोजों की खोज का ही पता आपको दे रही हूं। आज तक अत्यन्त कष्ट उठाकर के न जाने कितने मानवों ने इस पर ध्यान दिया। Psychologists ने भी दिया, Biologists ने भी दिया, बड़े बड़े Scientists ने भी दिया। वो भी एक हद तक जाकर के हार जाते हैं। बहुत बहुत सन्त और जो महन्त हो गए। Realized हो गए और उन्होंने भी पा लिया लेकिन दे नहीं पाए। इसका कारण समय है। परमात्मा के लिए समय अनन्त है। हम लोग उसे ऐसा सोचते हैं कि जो लोग पीछे हो गए और जो लोग आगे हो गए और जो लोग मर गए जो बड़े हो गए। कौन मरा है मैं ये पूछना चाहती हूं? कोई मरता ही नहीं। जितने भी मरते हैं परलोक में बैठते हैं और वापिस यहां लौट आते हैं। प्राणी मात्र से कुछ कुछ लोग मनुष्य हो जाते हैं लेकिन अधिकतर मनुष्य परलोक से वापिस यहां पर और यहां से परलोक! यही आना जाना लगा हुआ है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

रोनाल्ड डाहल : जन्म- 13 सितंबर 1916 | जन्म

रोनाल्ड डाहल एक ब्रिटिश उपन्यासकार, लघु-कथा लेखक, कवि, पटकथा लेखक और नॉर्वेजियन मूल के युद्धकालीन सेनानी थे। उनका जन्म 13 सितंबर 1916 में हुआ था। उनकी पुस्तकों की दुनिया भर में 250 मिलियन से अधिक कॉपियां बिक चुकी हैं। डाहल को 20वीं सदी के बच्चों के लिए सबसे महान कहानीकारों में से एक कहा गया है। साहित्य में योगदान के लिए उनके पुरस्कारों में 1983 में लाइफ अचीवमेंट के लिए वर्ल्ड फैंटेसी अवार्ड और 1990 में ब्रिटिश बुक अवार्ड्स 'चिल्ड्रन ऑथर ऑफ द ईयर' शामिल हैं। उन्होंने अपनी आखरी सांस 23 नवंबर 1990 में ली थी।

# आंतरिक सुंदरता बाहरी सुंदरता से ज्यादा महत्वपूर्ण है



नए अवसरों और खोजों के लिए खुले रहें। उन चीजों को जाने दें, जिन्हें आप नियंत्रित नहीं कर सकते। हमेशा 100% देने का प्रयास करें। यदि आप इस तरह से क्या-क्या करते हैं, तो आप कभी भी कहीं नहीं पहुंचेंगे। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका जीवन अच्छा है। एक जीवन बड़ी संख्या में छोटी-छोटी घटनाओं से बना होता है और छोटी संख्या में बड़ी घटनाओं से। हम अपने सपनों से हकीकत बनाते हैं और सपनों को हकीकत से। हम सपनों के सपने देखने वाले हैं। आप अपने बच्चों को जितना अधिक जोखिम उठाने की अनुमति देते हैं, उतना ही बेहतर वे स्वयं की देखभाल करना सीखते हैं। शब्दों के साथ खिलवाड़ न करें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं या आप कैसे दिखते हैं, जब तक कोई आपसे प्यार करता है। आपको कभी भी किसी भी ऐसी बात पर संदेह नहीं करना चाहिए, जिसके बारे में किसी को यकीन न हो। यदि आपके पास अच्छे विचार हैं, तो वे आपका चेहरा सूरज की किरणों की तरह चमकेगा और आप हमेशा सुंदर दिखेंगे।

यदि आप खेल खेलते हैं, तो जीवन अधिक मजेदार हो जाता है। जब चीजें निराशाजनक दिखें तब भी आशावादी बने रहने की कोशिश करें। उन चीजों को करने में मूल्य है, जो आपको डराती हैं। हम सबके अंदर कहीं न कहीं दुनिया को बदलने की ताकत है। अगर आपको जीवन में आगे जाना है, तो आपको ढेर सारी किताबें पढ़नी होंगी।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# महाभारत से जीवन के अनमोल सबक



महाभारत हमें कई महत्वपूर्ण जीवन पाठ सिखाता है जो आज भी प्रासंगिक हैं। सबसे पहला सबक है धर्म का पालन। महाभारत में कृष्ण ने अर्जुन को सिखाया कि सही और गलत के बीच चुनना ही सच्चा धर्म है, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों। दूसरा सबक है कर्म का महत्व। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए, और परिणाम की चिंता किए बिना कर्म करना चाहिए। यह सिखाता है कि कर्म पर ध्यान केंद्रित करें, फल अपने आप मिलेगा।

तीसरा सबक है अहंकार और लालच से बचना। महाभारत में दुर्योधन का अहंकार और लालच उसके पतन का कारण बना। यह हमें सिखाता है कि अति महत्वाकांक्षा और अहंकार हमेशा विनाश की ओर ले जाते हैं।

चौथा सबक है परिवार और समाज में संतुलन। महाभारत में पारिवारिक संघर्षों से सीख मिलती है कि रिश्तों में प्रेम और विश्वास का महत्व होता है, और अहंकार रिश्तों को बिगाड़ सकता है।

अंत में, महाभारत सिखाता है कि सत्य की जीत हमेशा होती है। चाहे रास्ता कितना भी कठिन हो, सत्य और न्याय की हमेशा जीत होती है। नीचे और जानते हैं महाभारत से और क्या सबक सीखने को मिलता है?

- युधिष्ठिर की तरह जुआ मत खेलो।
- कर्ण की तरह दुष्ट का एहसान मत लो।
- धृतराष्ट्र की तरह पुत्र-मोह में मत पड़ो।
- कुन्ती की तरह अनुचित प्रयोग मत करो।
- द्रौपदी की तरह अनुचित जगह मत हँसो।
- पाण्डु की तरह काम के वशीभूत मत बनो।
- दुर्योधन की तरह अनधिकार हठ मत पालो।
- भीष्म की तरह अनुचित प्रतिज्ञाओं में न बंधो।
- दुःशासन की तरह नारी का अपमान मत करो।
- अश्वत्थामा की तरह अनियंत्रित मत हो जाओ।
- शान्तनु की तरह काम में आसक्त मत हो जाओ।
- गांधारी की तरह नेत्रहीन का अनुसरण मत करो।
- परीक्षित की तरह क्रोध में अनुचित कार्य न करो।
- द्रोणाचार्य की तरह अर्धसत्य पर विश्वास मत करो। शल्य जैसे हतोत्साहित करने वाले की संगत में मत रहो।

**अवश्य करो**

- अभिमन्यु की तरह वीर बनो।
- कृष्ण की तरह धर्म का साथ दो।



- विदुर की तरह स्पष्टवादी शुभचिंतक बनो।
- घटोत्कच की तरह धर्म-कार्य में सहर्ष बलिदान दो।
- अर्जुन की तरह अपनी बागडोर भगवान के हाथों में सौंपो।

**सार-वाक्य**

निष्ठा सदैव सत्य-धर्म के प्रति हो, किसी व्यक्ति या पद के प्रति नहीं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# अनसुनी बुराई

एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से कही जा रहे थे। वह जिस डिब्बे में सफर कर रहे थे, उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी थे। उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी। वे साधुओं की भर–पेट निंदा कर रहे थे। साथ वाले साधु यात्री को भी गाली दे रहे थे। उनकी सोच थी कि चूंकि साधू अंग्रेजी नहीं जानते, इसलिए उन अंग्रेजों की बातों को नहीं समझ रहे होंगे। इसलिए उन अंग्रेजों ने आपसी बातचीत में साधुओं को कई बार भला–बुरा कहा। हालांकि उन दिनों की हकीकत भी थी कि अंग्रेजी जानने वाले साधु होते भी नहीं थे।

रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया। उस स्टेशन पर विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें विद्वान एवं अधिकारी भी थे। यहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर स्वामीजी अंग्रेजी में ही दे रहे थे। इतनी अच्छी अंग्रेजी बोलते देखकर उन अंग्रेज यात्रियों को सांप सूंघ गया, जो रेल में उनकी बुराई कर रहे थे। अवसर मिलने पर वे विवेकानंद के पास आये और उनसे नम्रतापूर्वक पूछा– आपने हम लोगों की बात सुनी। आपने बुरा माना होगा?

स्वामीजी ने सहज शालीनता से कहा–मेरा मस्तिष्क अपने ही कार्यों में इतना अधिक व्यस्त था कि आप लोगों की बात सुनी भी पर उन पर ध्यान देने और उनका बुरा मानने का अवसर ही नहीं मिला।" स्वामीजी की यह जवाब सुनकर अंग्रेजों का सिर शर्म से झुक गया और उन्होंने चरणों में झुककर उनकी शिष्यता स्वीकार कर ली।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## कविताएँ

### हाथी

जंगल का हाथी पानी की मछली है।
पानी से मछली पकड़ी जाती है
पानी वहीं रहता है।
जंगल से हाथी पकड़ा जाता है।
जंगल वहीं रहता है।
मछली से व्यंजन बनाया जाता है, भूना जाता है
हाथी से लट्ठा उठाया जाता है
उसे सजा-धजाकर
त्यौहार में खड़ा किया जाता है
पानी हिलोरें भरता रहता है -
हाथी से वंचित जंगल
बाहर आता है
आदमी भागने लगते हैं, कराहते हैं।
जंगल का हाथी पानी की मछली नहीं।

### पानी

पहले हमारे यहाँ कुएँ नहीं थे।
पानी के लिए यजमानों के घर जाना होता था।
वे अपने आँगन से बाल्टी में पानी लेते थे
हमें नीचे से खजूर के सूखे-पत्तों से पानी लेना था।
नहीं तो खेतों के बीच की नालियों में से।
एक घड़ा पानी के लिए जानेवाली अम्मा या नानी
आँगन से हमारी पुकार की नोक पर
बँधी हुई भी होती थी।
गाँव की बातों में उन्हें बीतते समय का अहसास
नहीं होता था।
फिर काम के बाद
दारु-भरा घड़ा जैसा चाच्चन* आएँगे।
पानी गरम नहीं कहकर
अम्मा से झगड़ा करेंगे, पानी उड़ेल देंगे।
मार, पीट, लात
पड़ोसी भाग आएँगे।
तब मुझे साथ लेकर, मोमबत्ती जलाकर
चाच्चन का पानी के लिए रवाना संपन्न होता।
नाटक के समाप्त न होने से
पर्दे की डोरी पैर में बाँधकर रात
सो जाती थी।
आज हमारे यहाँ कुआँ है।
पानी नहीं।
कुआँ पलटकर हमने
चार घड़िया पानी निचोड़ लिया।

**एस. जोसफ**

अनुवाद - मिनीप्रिया आर.

## ग़ज़ल

### गिला


ज़िंदगी से यही गिला है मुझे
तू बहुत देर से मिला है मुझे

तू मोहब्बत से कोई चाल तो चल
हार जाने का हौसला है मुझे

दिल धड़कता नहीं टपकता है
कल जो ख़्वाहिश थी आबला है मुझे

हम-सफ़र चाहिए हुजूम नहीं
इक मुसाफ़िर भी क़ाफ़िला है मुझे

कोहकन हो कि क़ैस हो कि 'फ़राज़'
सब में इक शख़्स ही मिला है मुझे



**अहमद फ़राज़**



## कहानी

# ज़र्द पत्तों का बन

**आबिदा रहमान**

(अनुवाद : ख़ालिद फ़रहाद धारीवाल)

एक तंग-ओ-तारीक गली के एक कोठरीनुमा घर में कि जहाँ सालों से कभी धूप नहीं पड़ी थी, मासूम सिद्दीक़ा की लाश मिली थी। सिद्दीक़ा जिसे ज़्यादती के बाद-ए-क़त्ल कर दिया गया था और टीवी, रेडियो पर हमेशा की तरह बड़े ज़ोर-ओ-शोर से ख़बर जारी थी। अख़बार में तसवीर के साथ शहा सुर्ख़ी दी गई थी कि गवर्नर और वज़ीर-ए-आला ने सिद्दीक़ा के क़तल की शदीद मुज़म्मत करते हुए कहा है कि क़ातिलों को जल्द ही गिरफ़्तार कर के सज़ा दी जाएगी।

सर ताहिर की क्लास में बच्चों के साथ ज़्यादती और क़तल पर बात हो रही थी। बकवास है सब सर, कोई क़ातिल नहीं पकड़ा जाएगा कोई सज़ा नहीं दी जाएगी। हमेशा ऐसा ही होता है। असावर ने ग़ुस्से से कहा।

बात सिद्दीक़ा के क़तल की हो रही थी कि ना जाने कैसे हलाल-ओ-हराम की जानिब मुड़ गई। बहस काफ़ी संजीदा थी लेकिन हराम नसल पर बात करते हुए एक शरारती ग्रुप ने जो हँसना शुरू कर दिया तो वहाज ने एकदम से क्लास छोड़ दी और क्लास में एक अजीब सी ख़ामोशी छा गई।

वहाज, सनोबर के दरख़्तों में दूर तक चलता चला गया। सोचों में गुम्मा से असावर और जमशेद की आवाज़ें भी ना आएँ जो उसे बुलाते हुए चले आ रहे थे। जमशेद ने आगे बढ़कर उसे रोका। वो ख़ाली ख़ाली नज़रों से उसे देखने लगा। ख़ामोशी से वो तीनों ज़र्द खुश्क पत्तों से भरे लॉन की जानिब बढ़कर बैंच पर बैठ गए।

क्या हो जाता है तुम्हें? जमशेद ने पूछा।

पता नहीं। वहाज ने दूसरी तरफ़ देखते हुए कहा।

कुछ देर ख़ामोशी रही और फिर वहाज इन दोनों को वहीं छोड़कर हॉस्टल की तरफ़ चल पड़ा।

अपने कमरे की बड़ी सी खिड़की से वहाज लम्हे लम्हे में दरख़्तों से ज़र्द पत्तों को गिरते हुए देखता रहा। एकदम से उसके चारों तरफ़ ख़िज़ाँ छा गई। नमी उसकी आँखों में तैरने लगी। उसने एकदम से पर्दे खींच लिए और बैड पर लेट कर तकिया आँखों पर रख लिया।

वहाज यूँ ही कैंटीन की तरफ़ मुड़ने लगा कि सर ताहिर की आवाज़ आई। वो रुक गया।

मेरा भी चाय का मूड था। चलो अच्छा हुआ तुम मिल गए, कुछ गपशप ही हो जाएगी। सर ताहिर ने कहा।

काउंटर पर चाय का कहते हुए कोने वाली मेज़ पर खिड़की के पास दोनों बैठ गए।

उधर उधर की बातें करते हुए सर ने कहा, मेरी हमेशा से आदत है वहाज कि मेरे स्टूडेंट्स मेरे दोस्त होते हैं और मैं उनसे दुनिया जहाँ की बातें करता हूँ।

जवाब में वहाज बड़ी मुश्किल से मुस्कुराते हुए खिड़की से बाहर देखने लगा, जहाँ ख़िज़ाँ की बारिश छमछम बरसने लगी।

सर बारिश से दरख़्त, पौधे, इमारतें सब कुछ धुल जाता है... साफ़ हो जाता है... कोई दाग़, कोई धब्बा... बाक़ी नहीं रहता? क्या वाक़ई ये सारे दाग़ धो देती है सर...? उसकी नज़रें सर ताहिर के चेहरे का अहाता किए हुए थीं।

कल क्लास क्यों छोड़ दी थी? सर ताहिर ने चाय का कप उठाते हुए पूछा जो कुछ ही देर पहले बैरा रखकर गया था।

वहाज काफ़ी देर चुप-चाप दरख़्तों पर लरज़ते ज़र्द पत्तों को तकता रहा, फिर सोचों में गुम बोला, सर, ज़र्द पत्तों की मंज़िल बस ख़ाक होती है? पाँव में रौंद दिया जाना...?

ख़ाक से तो नई ज़िंदगी फूटती है वहाज।

मैं सात साल का था सर। दूसरे बच्चों के साथ खेल रहा था, खेल खेल में हमारी लड़ाई हो गई। दिलबर ने मुझे चीख़ते हुए कहा था, तुम हरामी हो, तुम्हें अब्दुल चाचा ने कचरे के ढेर से उठाया था। मैं ये लफ़्ज़ सुनकर हैरान हुआ था। मुझे उसके मानी मालूम नहीं थे। दिलबर की बात सुनकर सारे बच्चे ज़ोर ज़ोर से क़हक़हे लगाने लगे। लेकिन फिर ये अक्सर होने लगा कि जब हमारी लड़ाई होती तो मुझे हरामी कहा जाता। मैं नहीं जानता था कि हरामी किसे कहते हैं लेकिन इन लड़कों की नज़रों की नागवारियत और तम्सख़र मुझे एहसास दिलाता था कि मैं वो नहीं कि जो वो हैं... आख़िर में क्या हूँ जो वो नहीं हैं...?

किसी अनजानी सी तकलीफ़ ने मेरे अंदर घर कर लिया था सर।

वहाज चुप हो गया। सर ताहिर की नज़रें वहाज के उदास चेहरे पर थीं। कुछ देर ख़ामोशी रही और वहाज दुबारा बोलने लगा, मैंने एक दिन बाबा से पूछ लिया, बाबा हरामी किसको कहते हैं? बाबा तो हैरत के मारे कुछ बोल ही ना सके। बस मुझे देखते रहे। मेरे दुबारा पूछने पर कहने लगे हरामी कुछ नहीं होता बेटा, और जो कुछ नहीं होता इस पर नहीं सोचा करते, बाबा ने वापिस अपना काम शुरू कर दिया।

तो मैं कुछ नहीं हूँ, मेरे दिल में ख़्याल आया।

बार-बार मुझे हरामी कहा जाने लगा तो मैंने बाबा को तंग करना शुरू कर दिया मुझे बताओ बाबा, मैं हरामी कैसे हूँ? क्या वाक़ई तुमने मुझे कचरे से उठाया था? बाबा को मुझे बताना पड़ा कि हाँ मुझे उसने रात के अँधेरे में कचरे से उठाया था जहाँ क़रीब ही कुत्ते भोंक रहे थे।

वहाज ख़ामोश हो गया। एक गहरी ख़ामोशी छा गई। बारिश की आवाज़ अंदर तक आ रही थी... चाय ठंडी यख़ हो चुकी थी... वहाज की आँखों में नमी तैरने लगी... उसने एक ठंडी साँस ली...!

इतने बरस बीत गए सर लेकिन मुझे उसके बाद से अपना आप ग़लाज़त का ढेर लगता है... इक नागवारियत सी मेरी नथनों में घुस रही है... मेरे दिमाग़ को जलाए दे रही है... दूर तक एक गाढ़ा अँधेरा... जहाँ हाथ को हाथ सुझाई ना दे... इक तवील ख़ामोशी... इक सुकूत... ऐसा कि अपने दिल की धड़कन गूँज बन कर सुनाई देती है...।

वहाज ने सर झुका लिया। बाहर से बारिश की हल्की हल्की आवाज़ आती रही। सर ताहिर उसे गहरी नज़रों से देखते रहे।

मैं बड़ा होता गया, ग़लाज़त मेरे साथ बड़ी होती गई... इतनी बड़ी सर कि ...मैं अपनी ग़लाज़त में छिप गया... हरामी था... हरामी ही रहा...! वहाज ने पलकें उठाते हुए कहा।

वहाज! हरामी तो समाज की वो बंधनें हैं जिससे हराम सोचें निकलती हैं जो गुनाह की राह हैं... जिससे तम्सख़र निकलता है... जिससे बदबू... ग़लाज़त निकलती है। वहाज ने सर की तरफ़ देखा।

हाँ वहाज! रवैय्ये हराम होते हैं, इनसान भला कैसे हराम हो सकता है? हरामी तो समाज है! पूरे मुआशरे की रगों में हराम ख़ून दौड़ रहा है। पूरा सिस्टम ही हरामी है। दफ़्तरों को ही ले लू, पूरे दिन में दो घंटों के लिए आकर चाय का दौर चलाने वाले, तुम क्या समझते हो हलाली हैं? भूख, अफ़्लास, ग़ुर्बत, बेरोज़गारी से तंग आकर जिस मुआशरे में इनसान अपनी औलाद को बेचता है, क़तल करता है, क्या ये सिस्टम हरामी नहीं? हरामी मुआशरा नहीं? सर ताहिर बड़े पुरसुकून अंदाज़ में बोल रहे थे और वहाज सुनता रहा।

वहाज तुम बताओ! आए दिन जब नन्हीं बच्चियों के साथ ज़्यादती की जाती है, उन्हें क़तल कर दिया जाता है, तुम्हारा क्या ख़्याल है कि वो एक फ़र्द या... वो चंद अफ़राद ही नफ़सियाती मरीज़ हैं? भूख, ग़ुर्बत, दौलत का ये ग़ैर मुतवाज़िन मुआशरा जहाँ एक तरफ़ कुत्तों की तरह कचरे के ढेर पर रिज़्क़ तलाश किया जाता है और दूसरी तरफ़ कुत्तों को भी आला ख़ुराक दी जाती है, क्या ये सब एक हराम मुआशरे की निशानी नहीं? ज़ुलम, जबर, ग़ुर्बत, भूख, इस्तिहसाल ने पूरे मुआशरे को नफ़सियाती मरीज़ बना दिया है, सर इस सब पर कभी सोचा ही नहीं था वहाज ने कहा।


सोचो बेटा, सोचो... यूँ तो हमारे मुआशरे में ही ये सब हो रहा है लेकिन... ये भी सोचो कि एक ज़मीन पर... एक ही मुल्क में... क्यों कुछ हिस्से सरमाया-दारी निज़ाम की हरामकारी का शिकार हैं? वहाज ने सर ताहिर का हाथ पकड़ा तो इन्होंने वहाज का हाथ दबाते हुए कहा, वहाज तुम जाने किस हलाल-ओ-हराम के चक्कर में पड़े हो... अपने इर्द-गिर्द देखो सब बावले हो गए हैं। जब तक ये बीमारियाँ ख़त्म नहीं होंगी तब तक हम तंदरुस्त कैसे हो सकते हैं?

असावर जो ना जाने कब से वहाँ आकर खड़ी हो गई थी, वहाज के हाथ पर हाथ रखते हुए बोली, शहर के मुज़ाफ़ात में एक और बच्ची की लाश मिली है...!

## लघुकथा

# मैं टिप नहीं लेता

**ग्रिगरी गोरिन**



मैंने हाथ ऊंचा किया। टैक्सी थम गयी।

'गुडमानिंग,' मैंने ड्राइवर से कहा- 'माफ करना, मुझे ज्यदा दूर नहीं जाना है, यहीं सैमोटेक्नाया चौक तक मगर मैं ज़रा जल्दी में हूं'

'चाहे कहीं भी चलिए। तशरीफ रखिए अंदर।' वह बोला।

पांच मिनिट बाद हम रुके। मीटर उनचास कोपेक दिखा रहा था। मैंने पचास कोपेक का सिक्का जेब से निकालर उसकी ओर बढ़ाया।

'मुझे अफसोस है, मेरे पास एक कोपेक नहीं है।' ड्राइवर ने माफी-सी मांगते हुए कहा।

'कोई बात नहीं।' मैं मुस्कराया।

'ना-ना,' ड्राइवर ने प्रतिवाद किया- 'यह कैसे हो सकता है। मैं कभी टिप नहीं लेता जी!' 'बड़ी खुशी हुई यह सुनकर। मगर अब क्या किया जाए?' मैं मुस्कराया। 'यहीं नुक्कड़ के उस ओर सिगरेट वाले की दुकान है। वहां रेजगारी मिल जायेगी।' ड्राइवर बोला।

मगर मेरी किस्मत देखिए कि वहां बायीं ओर 'टर्न' लेना मना था और हम दायें मुड़ गये। तब हमें पता चला कि उस पर तो 'वन-वे' है। सो जब हम अंततः सिगरेट वाले की दुकान पर पहुंचे, तो दुकान खाने की छुट्टी के लिए बंद हो चुकी थी। मीटर अभ सत्तान्बे कोपेक दिखा रहा था।

'रेजगारी नहीं है,' ड्राइवर लजाते हुए कह रहा था- 'और मैं टिप लेता नहीं।' 'ठीक है तो मुझे इतनी दूर ले चलो कि पूरा एक रूबल हो जाये।'

हम तीस गज और आगे गये और मीटर ठीक एक रूबल दिखाने लगा।'रोको! मैं यहां उतर जाऊंगा।' मैं चिल्लाया।

'माफ कीजिये, यहां टैक्सी नहीं रोकी जा सकती। देखते नहीं, वह साइन बोर्ड।' ड्राइवर कह रहा था।

'तो मीटर बंद कर दो।' 'वह तो नियम के विरुद्ध है,' ड्राइवर ने बताया- 'जब सवारी भीतर हो, तो मीटर चालू ही रखना पड़ता है।'

जब हम ऐसी जगह पहुंचे, जहां टैक्सी रोकी जा सकती थी, तो मीटर में एक रूबल और बीस कोपेक चढ़ गये थे।

मेरे मुंह से आह निकल गयी।

'परेशान मत होइये,' ड्राइवर ने मुझे ढाढ़स बंधाया- 'कोई रास्ता हम निकाल ही लेंगे। कीव रेल्वे स्टेशन के पास एक डाकखाने का सेविंग बैंक है। वहां मेरी एक दोस्त काम करती है। वह हमें रेजगारी दे देगी।'

कार आगे चल पड़ी। मगर किस्मत से कीव रेल्वे स्टेशन का सेविंग बैंक बंद था- खाने की छुट्टी थी। हम कर्स्क स्टेशन की ओर दौड़े। मेरी संगत के लिए ड्राइवर ने दो सवारियां और बैठा लीं। कर्स्क स्टेशन में किस्मत ने साथ दिया। वहां का सेविंग बैंक तो बंद था, मगर मीटर में ठीक तीन रूबल दिख रहे थे। मैंने ड्राइवर के हाथ में तीन रूबल का नोट थमाया। उसने उसे अपने बुटुए में ठूसा और मीटर नीचे कर दिया।

'मुझे बड़ा अफसोस है कि आज आपके साथ ऐसा हुआ।' वह बोला- 'मगर मैं सवारियों से कभी एक भी कोपेक टिप नहीं लेता हूं जी।'

'यह तो बड़ी अच्छी बात है,' मैंने कहा- 'मगर मैं सैमोटोक्नाया चौक कैसे पहुंचूंगा अब?'

'मैं आपको वहां पहुंचा देता हूं जी,' टैक्सी वाला मीटर फिर चालू करता हुआ बोला। पांच मिनिट में हम सैमोटोक्नाया चौक पहुंच गये। मीटर ठीक उनचास कोपेक दिखा रहा था।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** - प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

**वृष** - किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। कमजोरी महसूस होगी।

**मिथुन** - स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा।

**कर्क** - नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह** - स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या** - बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**तुला** - स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक** - भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** - दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मकर** - पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** - घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन** - यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

# जन्म कुंडली और व्यवसाय-नौकरी



(1) **सूर्य-** चिकित्सक (फिजिशियन), दवाइयों से संबंधी, मैनेजमेंट राजनीति, गेहूं से संबंधी आदि।

(2) **चंद्रमा-** जल से संबंधित कार्य, पेय पदार्थ, दूध, डेयरी प्रोडक्ट (दही, घी, मक्खन) खाद्य पदार्थ, यात्रा से संबंधित कार्य, आईसक्रीम, ऐनीमेशन।

(3) **मंगल** - जमीन जायदाद विक्रय, विद्युत संबंधी, तांबे से संबंधित, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, आर्कीटैक्चर, शल्यचिकित्सक मैनेजमेंट आदिस्पोर्टस, खिलाड़ी।

(4) **बुध-** वाणिज्य संबंधी, एकाउटेंट, कम्प्यूटर जोब, लेखन, ज्योतिष वाणीप्रधान कार्य, ऐंकरिंग, कन्सलटैंसी, वकील, टेलीफोन विभाग डाक, कोरियर, यातायात, पत्रकारिता, मीडिया, बीमा कंपनी आदि। कथा वाचक।

(5) **बृहस्पति-** धार्मिक व्यवसाय, कर्मकाण्ड, ज्योतिष, अध्यापन, किताबों से संबंधित कार्य, संपादन, छपाई, कागज से संबंधित कार्य, वस्त्रोंसे संबंधित, लकड़ी से संबंधित कार्य, न्यायालय संबंधित, परामर्श।

(6) **शुक्र-** कलात्मक कार्य, संगीत (गायन, वादन, नृत्य), अभिनय, चलचित्र संबंधी डेकोरेशन, फैशन डिजाइनिंग, पेंटिंग, स्त्रियों से संबंधित वस्तुएं, कोस्मैटिक स्त्रियों के कपड़े, विलासितापूर्ण वस्तु (गाड़ी,वाहन आदि) सजावटी वस्तुएं मिठाई संबंधी, एनीमेशन।

(7) **शनि-** मशीनों से संबंधित, पुर्जों से संबंधित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, केमिकल प्रोडक्ट, ज्वलनशील तेल (पैट्रोल, डीजल आदि) लोहे से संबंधित कच्ची धातु, कोयला, प्राचीन वस्तुएं, पुरातत्व विभाग, अधिक श्रम वाला कार्य।




**प्रियंका जैन**
9769994439

## खबर संक्षेप

### पचरुखिया जंगल से 3-3 किलो के दो IED बरामद

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने एक बार फिर नक्सली साजिश को नाकाम कर दिया है। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। पुलिस ने अति नक्सल प्रभावित मदनपुर प्रखंड के पचरुखिया के जंगल से तीन-तीन किलो वजन के दो प्रेशर आईईडी बरामद किए हैं। बरामदगी से संबंधित जानकारी सदर एसडीपीओ 2 अमित कुमार ने साझा की है। एसडीपीओ ने बताया कि नक्सलियों के गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम के निर्देश पर उनके और केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल (कोबरा-205) वाहिनी के सहायक समादेष्ठा विनीत कुमार के नेतृत्व में मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया जंगल और आस-पास के कुछ प्वाईट को चिन्हित कर सर्च अभियान चलाया जा रहा था।

### ठनका गिरने से 2 लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

**बगहा।** बिहार के बगहा में गुरुवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे गंडक पार दियारा क्षेत्र में ठनका गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में एक पुरुष और एक महिला किसान की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है । बता दे कि मृतकों में बगहा नगर के वार्ड 25 गोडियापट्टी निवासी विनोद चौधरी (44) और वार्ड नंबर 16 आनंद नगर मोहल्ला निवासी कृष्णावती देवी (60) शामिल हैं वही दूसरी ओर घायल महिला सुनैना देवी व माया देवी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में चल रहा है । मृत विनोद चौधरी और उनकी पड़ोसी सुनैना देवी खेत में काम करने के लिए गंडक पार दियारा क्षेत्र में गए थे। अचानक तेज गर्जना और बारिश के बीच ठनका गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के क्रम में विनोद चौधरी को मृत घोषित कर दिया। वही चिकित्सक डॉ। घनश्याम ने बताया कि सुनैना देवी का इलाज चल रहा है ।

### नाबालिग से बलात्कार, पीड़िता हुई गर्भवती

अजमेर। श्रीनगर थाना क्षेत्र में नाबालिग से बलात्कार पर गर्भ ठहरने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक एक निजी विद्यालय का वैन चालक है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्जकर अनुसंधान शुरू किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(अजमेर ग्रामीण) दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने एक ग्रामीण पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि वह रिश्तेदार के यहां शादी में गई थी। उसकी एक रिश्तेदार प्राइवेट स्कूल में नौकरी करती है।

# हादसों को दावत देती जर्जर इमारत

## काशी के 52 मठ- मंदिर और पशुशाला जर्जर

**एजेंसी । वाराणसी**

वाराणसी नगर निगम की ओर से जारी अपडेट सूची में 489 जर्जर भवन हैं। इनमें 52 मठ, मंदिर, ट्रस्ट, पशुशाला हैं। इनका रिकॉर्ड नगर निगम के दस्तावेज में दर्ज है। बावजूद इसके इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। ज्यादातर ये जर्जर भवन कोतवाली और दशाश्वमेध जोन में हैं।



### नोटिस देने तक सीमित है नगर निगम

जर्जर भवनों को लेकर नगर निगम निगम की कार्यशैली नोटिस देने तक सीमित रहती है। नगर निगम की ओर से हर साल बारिश के पूर्व शहर में सर्वे कराया जाता है। इसके बाद जर्जर भवनों को चिह्नित कर नोटिस देकर भवन को गिराने या मरम्मत कराने के लिए कहा जाता है। 55 जर्जर भवन ऐसे हैं जिनमें मकान मालिक या किरायेदार ने नगर निगम को न्यायालय में पार्टी बनाया है। बाकी बचे मामलों में मकान मालिक और किराएदारों ने नगर निगम को पार्टी नहीं बनाया है।

### नहीं हो रही कोई कार्रवाई

कोतवाली जोन के चपरिया गली, सूत टोला में श्री शंकर पार्वती, दुलहिन जी रोड पर श्री काशी जीवदया विस्तारिणी गोशाला व पशुशाला, भंडारी गली में ठाकुर हनुमान जी, जतनबर में चैतन्य विनायक गणेश जी का भवन है। जो जर्जर घोषित है। इसी प्रकार दशाश्वमेध जोन के सदानंद बाजार, अगस्तकुंडा, राणा महल, पातालेश्वर, मिसिर गली, लाहौरी टोला, रानी भवानी गली, शेख सलीम फाटक, लल्लापुरा आदि क्षेत्रों में जर्जर भवन हैं। इन सभी पर जर्जर भवन की नोटिस चस्पा की गई है लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ है। बीते छह अगस्त को विश्वनाथ मंदिर से 10 मीटर दूरी पर 5-5 मंजिला के दो जर्जर मकान ढह गए थे। इनमें नौ लोग घायल हुए थे और एक महिला की मौत हो गई थी। शहर के ज्यादातर जर्जर भवन में लोग परिवार के साथ रह रहे हैं। यहां दीवारों में दरार के साथ पत्थर की पटिया टूट रही है। लकड़ी के धरन में दीमक लग चुकी है। समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। कमच्छा में पब्लिक वेलफेयर अस्पताल भी जर्जर है। मदनपुरा में जर्जर मकानों के नीचे दुकानें हैं। यहां ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती है।

# ब्रज में बारिश का कहर

**एजेंसी । लमथुरा**



▸▸ढह गए मकान, धंसीं सड़कें: गिरा स्कूल तो पुल में भी आईं दरारें
▸▸अब तक सात की मौत

बगिया क्षेत्र में नाला ढहने से सड़क किनारे खड़ा ट्रक नाले में गिर पड़ा। ट्रक चालक घायल है।

ब्रज क्षेत्र मे 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने कहर बरपा दिया है। आगरा, मथुरा, मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद जिलों में कहीं लोगों को घर गिर गए। तो कहीं स्कूल का भवन ढह गया। पुलों पर भी दरारें आ गईं। अभी तक की जानकारी के अनुसार सात लोगों की मौत हो गई। जबकि दर्जनभर से अधिक लोग घायल हैं। आइए विस्तार से जानते हैं सब कुछ। आगरा में हो रही लगातार बारिश से लोग घरों में कैद हैं। पुराने शहर में बारिश से सात जर्जर खाली पड़े मकान गिर गए। कई मकान गिरने की हालत में हैं। लोहामंडी में दो बाइक सवार युवक नाले में बह गए। मुश्किल से उनकी जान बची। टेढ़ी

### सिकंदरा हाइवे से लेकर एमजी रोड पर पानी भरा

सिकंदरा हाइवे से लेकर एमजी रोड, यमुना किनारा पर पानी भरा है। बुधवार रात मारुति एस्टेट चौराहा के पास सड़क के गड्डे में पानी भरने से कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। शास्त्रीपुरम, बोदला, शाहगंज रोड पर भी सुबह बारिश में वाहन भिड़ गए। जिला प्रशासन ने खराब मौसम का हाई अलर्ट जारी किया है। लोगों से जर्जर मकान, दीवार, बिजली खंबों से दूर रहने की सलाह दी गई है। आगरा देहात क्षेत्र में खारी नदी के पुल में जगह-जगह दरारें पड़ गईं हैं। भारी वाहनों के आवागमन से कोई बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बात करते हैं मथुरा की। यहां बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है। नौहझील क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की दीवार भरभराकर गिर गई। बारिश के कारण बच्चे न होने से स्कूल में बड़ा हादसा टल गया।

## शाहगंज के सीएचसी अधीक्षक पर निजी अस्पताल में मरीज भेजने का आरोप

**एजेंसी । शाहगंज**

शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. रफीक फारुकी और डॉ. आकांक्षा सिंह पर आरोप है कि वह सीएचसी पर 15 दिन ही सेवा देकर पूरी महीने का वेतन ले रही हैं। उनकी उपस्थिति पंजिका की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। अधीक्षक पर यह भी आरोप है कि वह अपनी पत्नी के नाम से एक निजी अस्पताल भी चलाते हैं। खुद सरकारी अस्पताल में बैठकर मरीजों की जांच और दवा



निजी अस्पताल से लेने के लिए लिखते हैं। जब इसकी जांच होती है तो वह जनप्रतिनिधि और बड़े अफसरों से पैरवी लगाकर अपना बचाव कर लेते हैं।

## महिला ने 3 बच्चों के साथ कुएं में लगायी छलांग, सभी की मौत

**एजेंसी । कुडू**

लोहरदगा के कुडू प्रखंड में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। जिंगी पंचायत के मकरा गांव के एक कुआं से गुरुवार को पुलिस ने सभी का शव बरामद किया है। सुसाइड की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। बताया जाता है कि महिला मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद से वह लापता हो गया थी। मृत महिला की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव निवासी फुलदेव मुंडा की पत्नी उषा मुंडा (26 साल), पुत्री दिव्या मुंडा (7 वर्ष), पुत्र शिवम मुंडा (4 वर्ष), सत्यम मुंडा (एक वर्ष) के रूप में हुई है।

### मायके नहीं पहुंची तो परिजन हो गये परेशान




जानकारी के मुताबिक वह मंगलवार को मायके जाने की बात कहकर अपने बेटा-बेटी के साथ घर से निकली थी। शाम तक जब अपने मायके नहीं पहुंची तो ससुराल वालों काफी परेशान हो गये। काफी खोजबीन के बाद भी जब उन सभी का कहीं पता नहीं चला। बुधवार को दिनभर महिला के पति फुलदेव मुंडा ग्रामीणों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश की लेकिन असफल रहा। गुरुवार दोपहर बाद जब मकरा गांव के कुछ अपने कुछ काम से खेत की तरफ गये तो एक कुआं में महिला के साथ तीन बच्चों का शव तैरता नजर आया। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना फुलदेव मुंडा को दी। वह मौके पर पहुंचकर अपनी पत्नी और तीन बच्चों की की पहचान कर लिया। इधर, गांव में शव मिलने से सनसनी फैल गई।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत

**एजेंसी । आजमगढ़**




गंभीरपुर थाना क्षेत्र के आजमगढ़-वाराणसी मुख्य मार्ग पर स्थित रानीपुर रजमो गांव के समीप गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मौत की खबर जब परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर माफी गांव निवासी 35 वर्षीय भरत कुमार पुत्र राम हरि प्रतिदिन की तरह गुरुवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे घर से शौच के लिए जा रहे थे। वे घर से करीब 50 मीटर दूर गंभीरपुर थाना के समीप स्थित रानीपुर रजमो गांव के सन्निकट पहुंचे थे। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से गाड़ी समेत फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल को एंबुलेंस से लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर लेकर गए। डाक्टर ने भरत कुमार को मृत घोषित कर दिया।

## बिहार में एक साथ 29 IPS का तबादला

▸▸ 15 जिलों के बदले गए एसपी

**एजेंसी । पटना**




बिहार में गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। 15 जिलों के एसपी समेत कुल 29 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। आलोक राज के बिहार पुलिस महानिदेशक बनने के बाद यह सबसे बड़ा तबादला है। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। औरंगाबाद की एसपी स्वप्न गौतम मेश्राम को कमांडेंट बीएमपी-3 गया बनाया गया है। शैलेश कुमार सिन्हा को शिवहर का एसपी बनाया गया है। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-10 का कमांडेंट बनाया गया है। बिहार सैन्य पुलिस-3 बोधगया के कमांडेंट दीपक रंजन को सहायक पुलिस महानिरीक्षक बिहार विशेष सैन्य पुलिस बनाया गया है।

## गंगा में नहाने के दौरान 4 साल की बच्ची की डूबने से मौत

**एजेंसी । राजमहल**

राजमहल थाना क्षेत्र के कन्हैयास्थान में गंगा नदी में एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक की पहचान कन्हैयास्थान गांव निवासी ब्रह्मदेव साह के चौथे पुत्री सोनाली कुमारी के रूप में हुई है।



### कैसे हुआ हादसा ?

कहते हैं न जीवन अगले पल किस करवट ले ये किसी को नहीं मालूम है। 4 साल की सोनाली रोजाना की तरह अपनी दादी मां के साथ गुरुवार की सुबह भी लगभग 10:00 बजे घर से कुछ दूरी पर गंगा पर स्नान करने गई थी। गंगा में अन्य बच्चों के साथ स्नान करने के दौरान गहरे पानी में पैर फिसल जाने से डूब गई। गंगा में स्नान कर रहे लोग ने सोनाली कुमारी को डूबता देख हल्ला मचाने लगे। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और खोजबीन शुरु कर दी। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। कुछ घंटों की खोजबीन के बाद सोनाली को गंगा नदी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में परिजनों एवं ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सोनाली कुमारी को जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## भेड़ियों ने किया हमला, 2 घायल

**एजेंसी । रांची**

रांची के बुढ़मू में भेड़ियों के हमले से 2 लोग घायल हो गये। घटना बुधवार शाम बिंजा गांव की है। दोनों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। उन्हें एंटीरेबीज का इंजेंक्शन दे दिया गया है। फिलहाल दोनों की स्थिति स्थिर बतायी जा रही है। घायलों में बैजा भुइंया 55 साल और बहुरा गंझू 50 साल शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दिन में बैजा भुइंया बहुरा गंझू जंगल में बकरी चराने गये थे। इस दौरान वे सूखी लकड़ी चुनने के लिए जंगल के अंदर चले गये थे।




# सेंसेक्स 83,116 और निफ्टी 25,433 के रिकॉर्ड हाई पर

**एजेंसी । मुंबई**

सेंसेक्स 83,116 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। निफ्टी ने भी 25,433 का हाई बनाया। हालांकि बाद में ये दोनों इंडेक्स थोड़ा नीचे आए और सेंसेक्स 1,439 अंक (1.77%) चढ़कर 82,962 और निफ्टी 470 (1.89%) अंक चढ़कर 25,388 के स्तर पर बंद हुआ।



- 1,439 अंक चढ़कर 82,962 पर बंद हुआ
- निवेशकों की वेल्थ ₹6.40 लाख करोड़ बढ़ी

### मेटल, आईटी, ऑटो और बैंक शेयर सबसे ज्यादा चढ़े

कारोबार में मेटल, आईटी, ऑटो और बैंक शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। निफ्टी का मेटल इंडेक्स 2.91% चढ़कर बंद हुआ। ऑटो इंडेक्स 2.14% चढ़ा। आईटी में 1.60% और बैंक में 1.49% की तेजी रही। ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी 1.61% चढ़कर बंद हुआ।

### निवेशकों की वेल्थ लगभग 6.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों की वेल्थ लगभग 6.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। BSE का मार्केट कैप बुधवार को 4,60,76,150 करोड़ रुपए था जो आज यानी, 12 सितंबर को बढ़कर 4,60,76,150 करोड़ रुपए पहुंच गया।

### जापान का निक्केई 3.41% चढ़ा, चीन का बाजार गिरा

रिलायंस, HDFC बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को सबसे ज्यादा चढ़ाया। जबकि, नेस्ले इंडिया गिरावट वाला इकलौता शेयर रहा, इसमें 0.09% की गिरावट रही। एशियाई बाजार में जापान का निक्केई 3.41% और कोरिया का कोस्पी 2.34% चढ़ा। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग 0.77% चढ़ा और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.17% की गिरावट रही।

### 11 सितंबर को बाजार में रही थी गिरावट

इससे पहले 11 सितंबर शेयर बाजार में गिरावट थी। सेंसेक्स 398 अंक की गिरावट के साथ 81,523 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 122 अंक की गिरावट थी, ये 24,918 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में गिरावट और 16 में तेजी थी। निफ्टी FMCG छोड़कर सभी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली थी।

## औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जुलाई में सुस्त पड़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इस साल जुलाई में खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से देश की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सुस्त पड़कर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से गुरुवार को औद्योगिक उत्पादन के ये आंकड़े जारी किए गए। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन जुलाई, 2023 में 6.2 प्रतिशत बढ़ा था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस साल जुलाई में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.8 प्रतिशत बढ़ा था। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जुलाई में 4.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 5.3 प्रतिशत बढ़ा था। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई, 2024 में 3.7 प्रतिशत रही जबकि बिजली उत्पादन में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में देश का औद्योगिक उत्पादन 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

## 10 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी घरेलू इस्पात खपत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष में घरेलू स्तर पर इस्पात की खपत 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इस्पात की मांग मजबूत रही तथा प्रतिस्पर्धी मूल्य पर आयात के बीच खपत में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू तिमाही में मांग में इससे पिछली तीन माह की अवधि की तुलना में कुछ कमी आ सकती है, क्योंकि यह मानसून से जुड़ा मौसमी प्रभाव है। हालांकि, इसके बाद सरकारी पूंजीगत व्यय में वृद्धि हो सकती है।

## येस बैंक में हिस्सेदारी को लेकर सौदा फंसा

**एजेंसी । मुंबई**

निजी क्षेत्र के येस बैंक में हिस्सेदारी खरीद की प्रक्रिया बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने पर बोलीदाताओं के जोर देने की वजह से खतरे में पड़ सकती है। एक जानकार सूत्र ने गुरुवार को यह आशंका जताई। यह पूछे जाने पर कि क्या चालू वित्त वर्ष के अंत तक यह सौदा पूरा हो जाएगा, सूत्र ने कहा कि सौदा दुविधा में फंसता दिख रहा है। सूत्र के मुताबिक, आरबीआई इस बात से असहज है कि एक विदेशी संस्था के पास येस बैंक जैसी बड़ी वित्तीय संस्था में 51




प्रतिशत हिस्सेदारी हो। जापान की एसएमबीसी और अमीरात एनबीडी के रूप में दो बोलीदाता मैदान में हैं। मौजूदा नियमों के मुताबिक, किसी भी बैंक में किसी इकाई के पास अधिकतम 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की अनुमति है और इस सीमा से अधिक हिस्सेदारी वाले मामलों में इसे कम करने के लिए एक निश्चित समयसीमा निर्धारित की गई है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम हो सकते हैं कम

### क्रूड ऑयल की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो सकते हैं। मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम और नेचुरल गैस के सेक्रेटरी पंकज जैन ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक कम रहती है तो तेल कंपनियां फ्यूल की कीमतों को कम करने पर विचार करेंगी। दरअसल, तेल की कीमतें हाल ही में तीन साल के निचले स्तर पर आ गई हैं, जिससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों मुनाफा बढ़ा है। संभव है कि महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे प्रमुख राज्यों में चुनावों से पहले इसका फैसला हो सकता है।




### मार्च में 2 रुपए तक कम हुए थे फ्यूल के दाम

इससे पहले मार्च में तेल की कीमतों में गिरावट के कारण खुदरा विक्रेताओं, विशेष रूप से सरकारी कंपनियों का प्रॉफिट मार्जिन बढ़ा था। इसके बाद इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) ने सरकार के आदेश के बाद कीमतें 2 रुपए तक कम की थी। ये कंपनियां देश के ऑयल मार्केट में 90% की हिस्सेदारी रखती हैं।

## श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग का शेयर 11.93% ऊपर लिस्ट

अभी 17% ऊपर 97.54 रुपए पर कारोबार कर रहा, 5-9 सितंबर तक ओपन था ये IPO

**एजेंसी । मुंबई**

श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर इश्यू प्राइस से 11.93% ऊपर 92.90 पर लिस्ट हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 8.43% ऊपर 90 पर लिस्ट हुआ। इस IPO का इश्यू प्राइस 83 था। अभी इश्यू प्राइस से 17% ऊपर 97.54 पर कारोबार कर रहा है। यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 5 सितंबर से 9 सितंबर तक ओपन




था। तीन कारोबारी दिनों में IPO टोटल 124.74 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में 73.22 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 150.87 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 210.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था। श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी का ये इश्यू टोटल 169.65 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी 122.43 करोड़ के 14,750,000 फ्रेश शेयर इश्यू किए। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 47.23 करोड़ के 5,690,000 शेयर बेचे। श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी ने इश्यू का प्राइस बैंड 78 से 83 तय किया था। रिटेल निवेशक कम से कम एक लॉट यानी 180 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते थे।

# हरमनप्रीत के दो गोल से भारत ने कोरिया को भी हराया

- 04 लगातार मैच टूर्नामेंट में अब तक जीत चुका भारत
- 19 गोल भारत ने अब तक किए, तीन उसके खिलाफ हुए



**एजेंसी | हुलुनबुइर**

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन भारतीय हॉकी टीम का अजेय अभियान जारी है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से उसने गुरुवार को कोरिया को 3-1 से हराकर में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक कांस्य विजेता भारत ने इससे पहले चीन को 3-0 से, जापान को 5-0 और मलेशिया को 8-1 से हराया था।

### अब सामना पाक से

सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान से खेलेगी। छह टीमों के टूर्नामेंट में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो सोमवार को खेला जाएगा जबकि फाइनल मंगलवार को होगा। भारत ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए पहले ही क्वार्टर में दो गोल की बढ़त बना ली। मलेशिया के खिलाफ दो गोल करने वाले अराइजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद विश्व के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शुमार हरमनप्रीत ने नौवें और 43वें मिनट में दो पेनाल्टी कॉर्नर तब्दील किए। कोरिया का एकमात्र गोल 30वें मिनट में जिहुन यांग ने पेनाल्टी कॉर्नर पर दागा।

### आक्रामक शुरुआत की

भारत ने एक बार फिर आक्रामक शुरुआत की और सुखजीत सिंह के पास पर अराइजीत ने पहला गोल दागा। एक मिनट बाद ही मलेशिया के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले राजकुमार पाल ने भारत को पेनाल्टी कॉर्नर दिलाया जिस पर हरमनप्रीत ने गोल किया। रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने प्रभावी प्रदर्शन किया और दूसरे क्वार्टर में कोरिया को गोल नहीं करने दिया।

### डिफेंडरों का शानदार प्रदर्शन

कोरिया को 35वें मिनट में लगातार दो पेनाल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस मुस्तैद था। भारत को दो मिनट बाद दूसरा पेनाल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका। हरमनप्रीत ने 43वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत की बढ़त 3-1 की कर दी। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में जरमनप्रीत सिंह ने एक पेनाल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कोरियाई टीम उस पर गोल नहीं कर सकी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से मुलाकात की



**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है।

### पदक पर हस्ताक्षर

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण विजेता निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी दृष्टिबाधित कपिल परमार उन एथलीटों में शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया। परमार को प्रधानमंत्री मोदी से अपने पदक पर हस्ताक्षर करवाते देखा गया। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझडिया भी मौजूद थे।

### इंडियन सुपर लीग

## कोलकाता के तीनों बड़े क्लब लेंगे हिस्सा



**एजेंसी | कोलकाता**

पिछले सत्र के फाइनल में पहुंचे मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी शुक्रवार से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अपनी प्रतिद्वंद्विता फिर से शुरू करेंगे। साथ ही कोलकाता मैदान के तीनों बड़े क्लब इस फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगे। मोहम्मडन एससी भी अपने शहर के प्रतिद्वंद्वियों और 100 साल से अधिक पुराने क्लबों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के साथ टूर्नामेंट में शामिल हो गया है। पिछले सत्र में मोहन बागान चैंपियन बना लेकिन आईएसएल कप के फाइनल में मुंबई सिटी एफसी से हार गया। फिर ईस्ट बंगाल भी आईएसएल में शामिल हो गया। अब मोहम्मडन स्पोर्टिंग के इसमें खेलने से कोलकाता के तीनों बड़े क्लब मैदान पर उतरेंगे जिससे यह अब 13 टीमों का टूर्नामेंट बन गया है। सत्र का पहला मैच मोहन बागान और मुंबई सिटी के बीच होगा जो काफी रोमांचक होने वाला है क्योंकि पिछले दो सत्र में दोनों के नाम खिताब रहे हैं।

## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई: पोंटिंग

**एजेंसी | साउथम्पटन**

ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने भारत में टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने में पूर्व कप्तान विराट कोहली की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने कहा, देश के बल्लेबाज अब बड़े मंच से नहीं डरते और इसका सबूत विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनकी सफलता है। पोंटिंग ने पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के योगदान की भी सराहना की जिन्होंने जून में भारत को टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने के बाद यह पद छोड़ दिया था। पोंटिंग ने कहा, कोहली की कप्तानी की शुरुआत की बात करें तो उन्होंने क्रिकेट को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई। द्रविड़ ने पिछले चार साल में इसे जारी रखा। कोहली जैसे खिलाड़ी का टीम पर प्रभाव बहुत शानदार होगा और उनके पास स्टार खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम कोहली की कप्तानी में



ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी। इसके अलावा टीम ने अन्य स्थानों पर भी कुछ यादगार जीत दर्ज की। कोहली ने कप्तानी में अपनी आक्रामकता से सभी को यह विश्वास दिलाया कि भारतीय टीम विदेशों में भी जीत सकती है। जब वह टीम में नहीं थे तब भी उनका आत्मविश्वास टीम पर हावी रहा।

## बोपन्ना पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग में खेलेंगे

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और अनुभवी युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना दिसंबर में होने वाले टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आगामी सत्र में पदार्पण करेंगे। दुनिया के छठे नंबर के युगल खिलाड़ी 44 वर्षीय बोपन्ना ने मेलबर्न में मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर सत्र का शुरुआती ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। उन्होंने कहा, मैं टीपीएल का हिस्सा बनने को लेकर रोमांचित हूं, विशेषकर इसके 25 अंक के प्रारूप के कारण। यह साल का अंत करने का शानदार तरीका है।

## पहला टी-20 : हेड के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को धोया



**एजेंसी | साउथम्प्टन**

- हेड ने 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया

ट्रेविस हेड की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 में 28 रन से पराजित किया। हेड ने 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 23 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों से 59 रन की पारी खेली। उन्होंने इस सत्र में सातवीं बार पावरप्ले में अपना पचासा पूरा किया। बावजूद इसके ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवर में 179 रन आउट हो गई। हेड के अलावा मैथ्यू शॉट ने 41 और जोश इंलिश ने 37 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में एक विकेट पर 86 रन बनाए थे जो उसका शुरुआती छह ओवर में तीसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। इंग्लैंड के लिए लियाम लिविंगस्टोन ने तीन जबकि जोफरा आर्चर और साकिब महमूद ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में इंग्लैंड की टीम 19.2 ओवर में 151 रन पर सिमट गई।

## निशानेबाजी विश्व कप : रिदम दो स्पर्धाओं में साधेंगी निशाना



**एजेंसी | नई दिल्ली**

रिदम सांगवान सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्पर्धाओं में निशाना साधने वाली अकेली भारतीय निशानेबाज होंगी। वह एयर पिस्टल के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में उतरेंगी। दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक के बाद तीन महीने का ब्रेक दिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने गुरुवार को 23 सदस्यीय टीम घोषित की। टूर्नामेंट राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्ग में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर 13 से 18 अक्तूबर तक खेला जाएगा। टीम में पेरिस ओलंपिक खेलने वाले नौ सदस्य शामिल हैं। मनु ने पेरिस में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीता था। एनआरएआई महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, हमने विश्व कप के लिए मजबूत टीम उतारी है। ओलंपिक के बाद टीम से अपेक्षाएं काफी बढ़ी हैं।

## डेविस कप: अमेरिका, स्पेन, इटली और ब्रिटेन जीते



**एजेंसी | वेलेंशिया**

यूएस ओपन टेनिस से दूसरे दौर में बाहर होने के दो सप्ताह बाद कार्लोस अल्काराज एक और उलटफेर की कगार पर थे जब चेक गणराज्य के खिलाफ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण के पहले दौर के मैच में एक सेट गंवा बैठे। हालांकि तीसरी रैंकिंग वाले अल्काराज ने जीत दर्ज की क्योंकि थॉमस मचाक को चोट के कारण कोर्ट छोड़ना पड़ा। उस समय स्कोर 6-7, 6-1 था। इसके बाद रॉबर्टो बतिस्टा आगुट ने जिरी लाहेका को 7-6, 6-4 से हराया और अल्काराज ने मार्शेल ग्रानोलेर्स पुजोल के साथ युगल जीतकर स्पेन को 3-0 से जीत दिला दी।



## रकुल प्रीत बिना बताए प्रभास की फिल्म से निकाली गईं

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने न सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड में भी खूब नाम कमाया है। 2009 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'गिल्ली' से अभिनय जगत में कदम रखा था। हाल ही में रकुल ने खुलासा किया कि वह भी फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म की मार झेल चुकी हैं और इस चक्कर में अब तक उन्हें कई फिल्मों से बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है। रकुल को जिन फिल्मों से बाहर किया गया, उनमें से एक फिल्म प्रभास की थी।

### रातों-रात फिल्मों से बाहर हुईं रकुल

रकुल ने एक इंटरव्यू में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पहली तेलुगू फिल्म 'वेंकटाद्री एक्सप्रेस' की रिलीज से पहले उन्हें 2 फिल्मों से रातों-रात बाहर कर दिया गया था। इनमें से एक फिल्म के हीरो प्रभास थे और तो और रकुल ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' में पहले उन्हें कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में यह किरदार दिशा पाटनी को दे दिया गया।

'मैं तब इतनी भोली थी कि सोचा कोई बात नहीं'

रकुल ने बताया, 'प्रभास के साथ मैं जिस फिल्म में काम कर रही थी, उसकी 4 दिन की शूटिंग भी हो चुकी थी, लेकिन फिर मुझे बिना बताए रातों-रात यह किरदार किसी और को दे दिया गया। जब आप इंडस्ट्री या इसके कामकाज के तरीके के बारे में ज्यादा नहीं जानते तो आप इसे अपने दिल पर नहीं लेते हैं। मैं तब इतनी भोली थी कि सोचा कि कोई बात नहीं, शायद यह मेरे लिए नहीं था।'



## 'दो पत्ती' से कृति सैनन की पहली झलक हुई लीक

अभिनेत्री कृति सैनन पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इसलिए भी ज्यादा खास है क्योंकि इसके जरिए कृति बतौर निर्माता अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। 'दो पत्ती' कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। इस फिल्म में कृति के साथ अभिनेता शहीर शेख नजर आने वाले हैं। अब 'दो पत्ती' से कृति की पहली झलक सोशल मीडिया पर लीक हो गई है।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी 'दो पत्ती'

'दो पत्ती' के सेट से करीना की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह शहीर के साथ नजर आ रही हैं।
यह फिल्म एक रहस्य थ्रिलर है, जिसमें कृति और शहीर के अलावा काजोल और तन्वी आजमी जैसी अभिनेत्रियां अभिनय करती नजर आएंगी। फिल्म के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। 'दो पत्ती' OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। हालांकि, अभी तक इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है।



## 1 नवंबर को रिलीज होगी 'भूल भुलैया 3'


पिछले काफी समय से दर्शक हॉरर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'भूल भुलैया' की तीसरी किस्त 'भूल भुलैया 3' का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और इसमें उनकी जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 12 सितंबर को राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में भूषण कुमार ने 'भूल भुलैया 3' की रिलीज तारीख भी बताई।



### रिलीज होगी 'भूल भुलैया 3'?

'भूल भुलैया 3' इस साल दीवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। भूषण ने कहा, 'हम 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर लॉन्च कर रहे हैं और हां, हम 1 नवंबर को 'भूल भुलैया 3' लेकर आ रहे हैं। यह पक्का है। कोई बदलाव नहीं होगा।' ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर 'भूल भुलैया 3' का सामना अजय देवगन और रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है।

## 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर हुआ रिलीज



इन दिनों अभिनेता राजकुमार राव फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। उनकी यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई थी और अब तक बॉक्स ऑफिस पर इसका जलवा कायम है। राजकुमार की आने वाली फिल्मों को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। इन्हीं में से एक है विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार और तृप्ति की शादी से होती है, लेकिन ट्विस्ट तब आता है, जब उनकी सुहागरात की CD चोरी हो जाती है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस को बुलाया जाता है।

## इमरान खान की पर्दे पर वापसी

पिछले काफी समय से अभिनेता इमरान खान पर्दे पर अपनी वापसी को लेकर चर्चा में हैं। वह अब्बास टायरवाला की एक वेब सीरीज से अभिनय जगत में वापसी करने वाले थे, लेकिन फिर उनकी यह सीरीज बंद हो गई। दरअसल, इमरान ने सीरीज छोड़ दी, क्योंकि इसमें हिंसा बहुत थी। बहरहाल, अब खबर है कि वह एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं और उनकी वापसी उनके मामा आमिर खान कराने वाले हैं।

### मिल गई उनकी पसंद की कहानी

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान 9 साल बाद पर्दे पर अपनी वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आमिर खान इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभालने वाले हैं, जो सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इमरान कुछ हटके और दिलचस्प करना चाहते थे और अब आखिरकार उन्हें उनकी पसंद की स्क्रिप्ट मिल गई है।बताया जा रहा है कि यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। दानिश असलाम इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालने वाले हैं।

### आमिर के प्रोडक्शन की पहली OTT फिल्म

दानिश के बारे में बात करें तो वह पहले इमरान और दीपिका पादुकोण को लेकर कॉमेडी फिल्म 'ब्रेक के बाद' का निर्देशन कर चुके हैं, जो 2010 में रिलीज हुई थी। यह एक हल्की-फुल्की, मनोरंजक फिल्म है, जिसमें इमरान को उस तरह की भूमिका में दिखाया गया है, जिसमें दर्शकों ने उन्हें हमेशा से पसंद किया है। यह आमिर खान प्रोडक्शंस का पहला OTT प्रोजेक्ट है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।



न्यूज़ ब्रीफ

### रक्षा क्षेत्र में बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके : राजनाथ सिंह

**जोधपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं। भारतीय वायुसेना की टीम के एयर शो में सारंग हेलीकॉप्टर टीम, सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और हल्के लड़ाकू विमान प्रचंड ने भाग लिया। बाद में रक्षा मंत्री ने भारत रक्षा विमानन प्रदर्शनी (आईडीएएक्स)-2024 का शुभारंभ किया जो 14 सितंबर तक चलेगी।

### 45 आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों का फेरबदल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में भारी पैमाने पर फेरबदल किया गया है। डीसीपी से लेकर एडिशनल सीपी स्तर के 45 आईपीएस और दानिप्स अधिकारी इधर से उधर किए गए हैं। इसमें से 16 अधिकारियों को दिल्ली से बाहर भेजा गया है, जबकि 19 अधिकारियों की बाहर से दिल्ली में वापसी हुई है। अधिकारियों के इस स्थानान्तरण आदेश में दिल्ली के अलावा अरूणांचल प्रदेश, आंडमान निकोबार द्वीप समूह, गोवा, मिजोरम, लक्षद्वीप, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में तैनात अधिकारियों का स्थानान्तरित किया गया है। वहीं, दिल्ली में तैनात कुछ अधिकाारियों को भी एक यूनिट से दूसरी यूनिट में भेजा गया है। गौरतलब है कि बीते सप्ताह भी दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट सीपी से लेकर डीसीपी स्तर के 16 अधिकारियों के तबादले किए गए थे।

### हिंडनबर्ग ने माधबी पुरी बुच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की अनुचित व्यवहार, हितों के टकराव और बाजार नियामक के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए कंपनियों से भुगतान स्वीकार करने के नए आरोपों को लेकर चुप्पी पर सवाल उठाया है। हालांकि, बुच और अदाणी समूह ने पिछले महीने के आरोपों से इनकार किया था, लेकिन विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने हाल के दिनों में सेबी प्रमुख के खिलाफ कई आरोप लगाए हैं। बुच ने अभी तक आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वह गुरुवार को मुंबई में 'एनबीएफआईडी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव' में जाने वाली थीं लेकिन उन्होंने बाद में वहां जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया। बुच को सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बुलाया गया था।

### ममता के साथ बैठक के लाइव प्रसारण पर अड़े प्रदर्शनकारी डॉक्टर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मुद्दे पर सरकार और चिकित्साकर्मियों के बीच गतिरोध जारी है। इस मुद्दे पर गुरुवार को डॉक्टरों का एक दल बैठक के लिए नबन्ना पहुंचा। हालांकि, यहां बैठक नहीं हो पाई। ममता बनर्जी ने बैठक को लेकर कहा कि बातचीत होने पर ही समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए उन्होंने दो घंटे तक डॉक्टरों का इंतजार किया। हालांकि, उन्हें इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। ममता ने कहा कि बैठक की रिकॉर्डिंग के लिए भी इंतजाम किए गए थे।

# न्यायिक अधिकारी की बहाली न होने से सुप्रीम कोर्ट नाराज

## पत्नी के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप पर हुआ था बर्खास्त

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एक महिला न्यायिक अधिकारी के साथ कथित अफेयर के लिए बर्खास्त किए गए न्यायिक अधिकारी को बहाल नहीं करने के पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने नाखुशी जताई है। शीर्ष अदालत ने 2022 में इस न्यायिक अधिकारी के बर्खास्तगी पत्र को रद कर दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि शीर्ष अदालत ने 20 अप्रैल, 2022 को पुरुष न्यायिक अधिकारी के 25 अक्टूबर, 2018 के बर्खास्तगी आदेश को रद कर दिया था और हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ को बर्खास्तगी के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि 26 अक्टूबर, 2018 को हाई कोर्ट की उसी खंडपीठ ने अवैध संबंध के आरोप पर अविश्वास जताते हुए महिला न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी को रद कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा..



शीर्ष अदालत ने हालिया आदेश में कहा कि जब बर्खास्तगी आदेश रद (2022 में सुप्रीम कोर्ट ने) कर दिया गया है। साथ ही बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने के हाई कोर्ट के फैसले को भी रद कर दिया गया है तो कर्मचारी को सेवा में वापस लिया जाना चाहिए। फिर निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करनी चाहिए, लेकिन न तो हाई कोर्ट ने और न ही राज्य ने इस पर कोई फैसला लिया और न ही बर्खास्तगी की तिथि से बकाये वेतन पर कोई आदेश जारी किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारी उसके 20 अप्रैल, 2022 के फैसले की तिथि से दो अप्रैल, 2024 को जारी नए बर्खास्तगी आदेश तक पूर्ण वेतन के हकदार होंगे और अपीलकर्ता को सेवा में मानते हुए सभी लाभ भी दिए जाएंगे। जहां तक 17 दिसंबर, 2009 को जारी पहले बर्खास्तगी आदेश से लेकर इस अदालत के बहाली आदेश तक की अवधि का सवाल है तो लगातार सेवा में मानते हुए अपीलकर्ता 50 प्रतिशत बकाया वेतन के हकदार होंगे और उसकी गणना कानून के तहत सभी लाभों को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

# बटर चिकन के आविष्कार को लेकर दो रेस्तरां चेन के बीच लड़ाई छिड़ी

## कोर्ट पहुंचा मामला, पाकिस्तान ने भी किया दावा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नॉन वेज खाने वालों के लिए बटर चिकन हमेशा एक पसंदीदा डिश में से एक रही है। हालांकि, बटर चिकन के इतिहास और इसके आविष्कार को लेकर बहस चलती आई है। यह बहस अब दिल्ली हाईकोर्ट तक पहुंच चुकी है। गुरुवार को इस मामले को लेकर HC में सुनवाई होगी। बहस बटर चिकन के आविष्कार को लेकर दो रेस्टोरेंट्स चेन के बीच लड़ाई छिड़ी है। बटर चिकन का इन्वेंटर कौन हैं इस मामले को लेकर दो मशहूर रेस्टोरेंट्स मोती महल और दरियागंज बीच लड़ाई चल रही है। दिलचस्प बात है कि इस लड़ाई में पाकिस्तान भी कूद चुका है।

### दोनों रेस्टोरेंट्स ने किए अलग-अलग दावे



मोती महल ने दावा किया है कि बटर चिकन की खोज उसके रेस्टोरेंट्स में हुई थी। संस्थापक कुंदनलाल गुजराल ने बटर चिकन की खोज की थी। जब उन्होंने बटर चिकन रेसिपी इजाद की थी तो उस समय वो पेशावर में रहते थे। वहीं, दरियागंज रेस्टोरेंट्स चेन ने तर्क दिया है कि बटर चिकन की खोज उसके संस्थापक कुंदनलाल जग्गी ने की थी।दरियागंज रेस्टोरेंट्स ने दलील दी है कि कुंदनलाल गुजराल और कुंदनलाल जग्गी दोनों दोस्त थे और पार्टनर भी थे। गुजराल इस व्यापार में मार्केटिंग का काम देखते थे। बटर चिकन की रेसिपी जग्गी ने तैयार की थी। मोती महल ने कोर्ट से आग्रह किया है कि दरियागंज रेस्टोरेंट्स को इसकी वेबसाइट www.daryaganj.com और फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और ट्विटर सहित विभिन्न सोशल मीडिया वेबसाइटों तथा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से 'बटर चिकन के आविष्कारक' वाली टैगलाइन का उपयोग करने से रोका जाए।

### पाकिस्तान ने क्या किया दावा

वहीं, पाकिस्तानी टीवी चैनल जियो न्यूज की वेबसाइट में पब्लिश एक आर्टिकल ने दावा किया गया है कि बटर चिकन का आविष्कार मोती महल या दरियागंज में नहीं बल्कि इसका आविष्कार पेशावर में हुआ है।

# चश्मे बिना पढ़ने में मदद करने वाले आईड्रॉप पर रोक

## प्रिस्क्रिप्शन के साथ दवा बेचने की मंजूरी थी, कंपनी ने गलत प्रचार किया : DCGI

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने बुधवार को प्रेस्वू नाम के आई ड्रॉप की मैन्यूफैक्चरिंग और मार्केटिंग लाइसेंस को रद्द कर दिया है। इस आई ड्रॉप को मुंबई स्थित दवा निर्माता कंपनी एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने बनाया था। कंपनी का दावा था कि यह प्रेसबायोपिया (बढ़ती उम्र के बाद नजदीक की नजर कमजोर हो जाना) से पीड़ित लोगों को फायदा पहुंचाती है। आईड्रॉप को आंखों में डालने के बाद चश्मा लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिना चश्मे के भी आसानी से किताब पढ़ी जा सकती है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने इस आई ड्रॉप को इस शर्त के साथ परमिशन दी थी कि सिर्फ इसे डॉक्टर की सलाह पर ही यूज किया जाए। कंपनी पर आरोप है कि वह इसे बिना प्रिस्क्रिप्शन के खरीदने का प्रचार कर रही थी। यह आईड्रॉप अक्टूबर में मार्केट में आने वाली थी।




### DCGI बोली- दवा का गलत प्रचार किया जा रहा है

DCGI ने बताया कंपनी इसका प्रचार OTC (ओवर द काउंटर) बताकर किया जा रहा था। OTC दवाइयां वो होती हैं, जिन्हें बिना किसी डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के खरीदा जा सकता है।

### दवा कंपनी बोली- ऑर्डर को कोर्ट में चुनौती देंगे

दवा कंपनी एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने कहा, उन्होंने प्रचार में किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी नहीं दी है। DCGI ने इस दवा को अप्रूव किया था। हमने 234 पेशेंट पर इसका सफल टेस्ट किया था। जिन पेशेंट ने आई ड्रॉप का इस्तेमाल किया। वह बिना चश्मे के पढ़ सकते थे। हम सस्पेंशन ऑर्डर को कोर्ट में चुनौती देंगे।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में जोनल मैनेजर समेत पांच दोषी

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2013 में हुए धोखाधड़ी मामले में बैंक के जोनल मैनेजर समेत पांच लोगों को दोषी करार दिया। अदालत ने पाया कि बैंक की ओर से नियुक्त किए गए संपत्ति के मूल्यांकनकर्ताओं



ने भी नियमों का उल्लंघन किया और गाजियाबाद स्थित सुप्रीम स्टील को अधिक कीमत का दिखाया। स्पेशल सीबीआई जज राजीव बंसल की अदालत ने फैक्टरी मालिक सुधीर कुमार अरोड़ा, मूल्यांकन कर्ता बीपी सिंह, बैंक के जोनल ऑफिस मैनेजर पवन आर्या और दो मिडिलमैन चक्रधर मुडुली और शिव कुमार वर्मा को भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी, 420 एवं भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है।

# हरियाणा विधानसभा 52 दिन पहले भंग

## देश में संवैधानिक संकट का ऐसा पहला मामला

**एजेंसी । चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा भंग कर दी गई है। प्रदेश में नायब सिंह सैनी कैबिनेट की सिफारिश के बाद राज्यपाल ने गुरुवार (12 सितंबर) को विधानसभा भंग किया। कैबिनेट की ओर से भेजी सिफ़ारिश को गवर्नर ने मंजूरी दी। हरियाणा विधानसभा को भंग किए जाने के बाद अब प्रदेश में सैनी की सरकार केयर टेकिंग की तरह काम करेगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी नीतिगत फैसले नहीं ले सकेंगे। हरियाणा विधानसभा का आखिरी सत्र 13 मार्च को बुलाया गया था। संवैधानिक रूप से 6 महीने में एक बार विधानसभा सत्र बुलाना जरूरी है। इस संवैधानिक संकट टालने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से विधानसभा भंग करने की सिफारिश की। नियम के मुताबिक सदन के दो सत्रों के बीच 6 महीने से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए।



### हरियाणा में थम गया नामांकन का शोर

हरियाणा में ज्यादातर पार्टियों में टिकट बंटवारे और उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होते ही गहमागहमी की स्थिति दिखी। कांग्रेस, बीजेपी समेत कई पार्टियों में नाराजगी दिखी। कई नेताओं ने अंतिम वक्त में पाला बदला तो किसी ने निर्दलीय पर्चा दाखिल किया। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार (12 सितंबर) को नामांकन की तारीख के आखिरी दिन पर्चा दाखिल करने कि लिए प्रत्याशियों के बीच होड़ दिखी। नूंह में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने कहा, स्हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन था। कुल मिलाकर, नूंह जिले को 40 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नूंह निर्वाचन क्षेत्र से 15, फिरोजपुर झिरका से 13, और पुन्हाना से 12 पर्चा दाखिल किए गए। नामांकन प्रक्रिया सुचारू और शांतिपूर्वक संपन्न हुई, किसी भी घटना की सूचना नहीं मिली।" हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवार 16 सितंबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधासभा चुनाव को लेकर वोट डाले जाएंगे, जबकि 8 अक्टूबर को वोटों की गिनती की जाएगी।

# चंडीगढ़ बम ब्लास्ट

## बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने ली जिम्मेदारी

**एजेंसी । चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित 575 निवासी रिटायर्ड प्रिंसिपल की कोठी पर बुधवार शाम हुए हैंड ग्रेनेड बम ब्लास्ट की जिम्मेदारी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ग्रुप ने ली है। उन्होंने एक पोस्टर जारी करते हुए कहा कि 1986 में पंजाब के नकोदर में मारे गए सिख शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एसपी जसकीरत सिंह चहल व उसके गनमैन को मार दिया गया है। बीकेआई की तरफ से जारी यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### पोस्टर जारी कर कहा- एसपी को मार दिया

दरअसल इस कोठी पर जसकीरत चहल की समझकर यह हमला किया गया था। क्योंकि आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप की तरफ से यही समझकर कोठी पर हैंड ग्रेनेड फेंका गया था कि इस कोठी में पूर्व एसपी जसकीरत चहल परिवार के साथ रहते हैं। पंजाब में आतंकवाद के समय आईपीएस चहल ने काफी काम किया था जिसके चलते वह वह आतंकियों के निशाने पर थे। क्योंकि कुछ साल पहले भी चहल के यहां रहने के समय अज्ञात बदमाशों द्वारा इस कोठी की रेकी करके हत्या करने की योजना बनाई गई थी।

# आप ने सभी 90 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**एजेंसी । चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छठी और सातवीं सूची में 20 और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने वरिष्ठ नेता प्रेम गर्ग को पंचकूला से टिकट दिया है। कांग्रेस के साथ हरियाणा विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर बात नहीं बनने के बाद आम आदमी पार्टी ने राज्य की सभी 90 सीट पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया। पार्टी ने कालका, अंबाला शहर, मुलाना, शाहाबाद, पिहोवा, गुहला, पानीपत, जींद, फतेहाबाद, ऐलनाबाद, नलवा, लोहारू, बाढड़ा, दादरी, बवानी खेड़ा, कोसली, फरीदाबाद एनआईटी और बड़खल सीट से भी अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। आप ने ऐलनाबाद से मनीष अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने अपने वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला को इसी सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी



की ओर से जारी सूची के मुताबिक, ओपी गुज्जर कालका से, वजीर सिंह ढांडा जींद से, कमल बिसला फतेहाबाद से, गीता श्योराण लोहारू से, ओपी वर्मा बड़खल से और हिम्मत यादव कोसली से चुनाव लड़ेंगे। अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी ने पूर्व में 70 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। गुरुवार को पार्टी ने दो सूची जारी की। एक में 19 जबकि दूसरे में एक उम्मीदवार का नाम था। बुधवार को आप ने विधानसभा चुनाव के लिए 30 उम्मीदवारों के नाम जारी किए, जिसमें जुलाना से पूर्व पहलवान कविता दलाल को कांग्रेस की विनेश फोगाट और भाजपा के योगेश बैरागी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा गया है।

शराब घोटाला मामला

# आरोपी विनोद चौहान को बड़ी राहत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में आरोपी विनोद चौहान को जमानत दे दी। चौहान को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) से जुड़ी जांच के मामले में आरोपी बनाया गया है। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें जांच के दौरान मई महीने में गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले यानी बुधवार को दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक को शराब घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत दी थी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)कर रही है।




### कुछ सप्ताह पहले ही हुआ था पूरक आरोप-पत्र दायर

सीबीआई ने कुछ सप्ताह पहले केजरीवाल, पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर और शरत रेड्डी के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दायर किया था। एजेंसी ने पिछले महीने अदालत को सूचित किया था कि उसने मामले में केजरीवाल और पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त कर ली है।

**निर्णय** मानवरहित पोत बनाएगा भारत; 2,500 करोड़ की योजना मंजूर

# अब चीन और पाकिस्तान की पनडुब्बियों की खैर नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मानवरहित युद्ध के बढ़ते चलन के बीच रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना की मानवरहित जलमग्न पोतों (अंडरवाटर वेसल) के निर्माण की 2,500 करोड़ रुपए से अधिक की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय में हाल में हुई उच्चस्तरीय बैठक में 100 टन के इन पोतों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई।



## अगले कुछ महीनों में जारी की जाएंगी निविदाएं

### संदिग्ध जहाजों की निगरानी

नौसेना ऐसे पोत चाहेगी जो तट से काफी दूरी पर बहुत लंबे समय तक पानी के नीचे रह सकें ताकि संदिग्ध जहाजों की आवाजाही और अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। उल्लेखनीय है कि नौसेना मानवरहित ऐसे जहाजों पर भी काम कर रही है, जिनका उपयोग दुनियाभर में चल रहे संघर्षों में बड़े जहाजों और परिसंपत्तियों को नष्ट करने के लिए किया गया है।

### पानी के भीतर बढ़ेगी नौसेना की ताकत

रक्षा सूत्रों ने बताया कि सामान्य से अधिक बड़े पोतों की श्रेणी के ये पोत दुश्मन की पनडुब्बियों और पानी की सतह पर मौजूद जहाजों पर हमला करने की क्षमता से लैस होंगे। नौसेना के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे से जब इनकी क्षमता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये पोत नौसेना को पानी के अंदर विशेष क्षमता प्रदान करेंगे। इससे नौसेना को कई अभियानों में मदद मिलेगी।

### इन कामों में इस्तेमाल करेगी नौसेना

सूत्रों ने बताया कि नौसेना ने इन पोतों का उपयोग कई कार्यों के लिए करने की योजना बनाई है जिनमें बारूदी सुरंगें बिछाना, बारूदी सुरंगें हटाना, निगरानी करना और हथियारों को दागना शामिल है। नौसेना अगले कुछ महीनों में इस परियोजना के लिए निविदा जारी करेगी और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारतीय शिपयार्ड इसके लिए बोली लगाएंगे।

### मानवरहित लंबी दूरी की निगरानी पर फोकस

नौसेना ने भविष्य के लिए ड्रोनों के अलावा एमक्यू-9बी और ष्टि हर्मीस 900 जैसे ड्रोनों को शामिल करके अपनी मानवरहित लंबी दूरी की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है।

# गणपति विसर्जन में ढोल-ताशा समूह में लोगों की संख्या सीमित करने के आदेश पर रोक



**एजेंसी । नई दिल्ली**

विशेष संवाददाता सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें कह गया था भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के समारोहों में शामिल होने वाले 'ढोल-ताशा समूहों में लोगों की संख्या 30 से अधिक नहीं होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि 'ढोल-ताशे बजाने दें, ये पुणे की जान है।

### क्या है मामला ?

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीटी के 30 अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया है। पीठ ने एनजीटी के आदेश पर रोक लगाने के साथ ही, पुणे में गणपति विसर्जन के दौरान ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने की मांग करने वाली डॉ. कल्याणी मंडाके व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने यह आदेश एनजीटी के फैसले के खिलाफ पुणे के एक ढोल-ताशा समूह की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित पई ने पीठ से कहा कि ढोल-ताशा का पुणे में सौ वर्षों से अधिक समय से गहरा सांस्कृतिक महत्व रहा है और इसकी शुरुआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी। उन्होंने पीठ से कहा कि एनजीटी के के निर्देश से ऐसे समूह प्रभावित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ढोल-ताशा समूहों में व्यक्तियों की संख्या सीमित करने के एनजीटी के निर्देश पर रोक लगाई जा रही है। पीठ ने कहा कि ढोल ताशे बजाने दें, ये पुणे की जान है। एनजीटी ने ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने की मांग को लेकर डॉ. कल्याणी मंडाके की याचिका पर विचार करते हुए गणपति विसर्जन में शामिल ढोल-ताशा समूह में लोगों की संख्या 30 तक सीमित कर दी थी। इसके अलावा भी एनजीटी ने कई निर्देश दिए थे।